जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 160, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 06 जुलाई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## पांचवा टेस्ट: इंग्लैंड के खिलाफ भारत की शर्मनाक हार

**बर्मिंघम:** भारत का इंग्लैंड में 15 साल बाद टेस्ट सीरीज जीतने का सपना चकनाचूर हो गया। इंग्लैंड ने बर्मिंघम टेस्ट में टीम इंडिया को 7 विकेट से हरा दिया। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे जो रूट (142*) और जॉनी बेयरस्टो (114*) के बीच चौथे विकेट के लिए हुई 269 रनों की पार्टनरशिप की बदौलत इंग्लैंड ने 378 रन के टारगेट को तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। इसके साथ ही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर हो गई है। ये पहली बार है जब भारत ने विरोधी टीम को 350 रन से अधिक का टारगेट दिया हो और उसके बाद भी मैच गंवा दिया।

**रूट के बल्ले ने मचाया धमाल:** जो रूट ने पांचवें दिन अपने टेस्ट करियर का 28वां शतक जड़ा। 2021 के बाद इंग्लैंड के इस बल्लेबाज के बल्ले से 47 पारियों में 11 शतक निकल चुके हैं। भारत के खिलाफ रूट की 9वीं सेंचुरी रही।

भारतीय टीम दूसरी पारी में 245 रन पर ऑल-आउट हो गई और इंग्लैंड को 378 रन का लक्ष्य मिला। ऐसा लगा ये लक्ष्य बड़ा है, लेकिन भारतीय गेंदबाजों को पहले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों ने धोया। एलेक्स लीस और जैक क्रॉली ने पहले विकेट के लिए 107 रन जोड़े। हालांकि इसके बाद 2 रन के अंदर 3 बल्लेबाज पवेलियन लौटे और ऐसा लगा भारत ने मैच में वापसी कर ली है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जॉनी बेयरस्टो और जो रूट ने तो पूरा मैच ही पलट दिया।

**बुमराह ने दो विकेट लिए, फिर भारत ने दो रिव्यू गंवा दिए:** टीम इंडिया के कप्तान जसप्रीत बुमराह ने मैच के चौथे दिन इंग्लैंड के शुरूआती दोनों विकेट झटके। टी से पहले उन्होंने जैक क्रॉली को 46 रन के निजी स्कोर पर बोल्ड किया। वहीं, टी के बाद पहली ही गेंद पर ओली पोप को विकेट के पीछे कैच आउट कराया। इंग्लैंड दोनों झटकों से अभी संभल भी नहीं पाया था, तभी मोहम्मद शमी के एक शानदार थ्रो ने एलेक्स लीस को रन आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद भारत ने दो ओवर में 2 रिव्यू गंवा दिए। पहले रवींद्र जडेजा की गेंद पर जो रूट के लिए एलबीडब्ल्यू की अपील हुई,




लेकिन अंपायर ने नॉट-आउट दे दिया। भारतीय खिलाड़ियों को लगा रूट आउट हैं और रिव्यू ले लिया। रिप्ले में साफ नजर आया कि बॉल लेग स्टंप से बाहर जा रही है। इसके अगले ओवर में शमी की गेंद पर एक बार फिर भारतीय खिलाड़ियों ने एलबीडब्लयू के लिए जोरदार अपील की। इस बार भी बल्लेबाज रूट ही थे। रिप्ले में साफ नजर आया कि गेंद स्टंप से ऊपर जा रही है और एक बार फिर रूट बच गए। इस तरह टीम इंडिया ने अपने दो रिव्यू गंवा दिए।

**पंत-पुजारा ने बनाए सबसे ज्यादा रन:** भारत के लिए दूसरी पारी में सबसे ज्यादा रन चेतेश्वर पुजारा ने बनाए। उन्होंने 66 रनों की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 8 चौके निकले। पुजारा को स्टुअर्ट ब्रॉड ने पवेलियन भेजा। ब्रॉड की पटकी हुई गेंद को चेतेश्वर पॉइंट की दिशा में खेलना चाहते थे, लेकिन वहां खड़े एलेक्स लीस ने आसान सा कैच लपक लिया। वहीं, पहली पारी में शानदार 146 रन बनाने वाले ऋषभ ने दूसरी पारी में भी अर्धशतक जड़ा। वह 86 गेंद में 57 रन बनाकर आउट हुए। ये उनके टेस्ट करियर की 10वीं फिफ्टी रही। उन्हें जैक लीच ने अपना शिकार बनाया। श्रेयस अय्यर एक बार फिर बड़ी पारी नहीं खेल पाए। मैथ्यू पॉट्स की शॉर्ट गेंद को वो पुल करना चाहते थे, लेकिन जेम्स एंडरसन को एक आसान कैच दे बैठे। अय्यर के बल्ले से 19 रन निकले। इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा 4 विकेट बेन स्टोक्स ने लिए।

### नूपुर शर्मा पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से पूर्व जज-ब्यूरोक्रेट्स खफा: बोले- ऐसे दुर्भाग्यपूर्ण कमेंट ज्यूडिशियरी पर धब्बा

## 'सुप्रीम कोर्ट ने लक्ष्मण रेखा लांघी'






**नई दिल्ली:** हाई कोर्ट के पूर्व जजों, डीजीपी, सीबीआई निदेशक, राजदूत, सेना अधिकारी समेत समाज के 117 प्रबुद्ध लोगों ने नूपुर शर्मा मामले में सुप्रीम कोर्ट के जजों की ओर से की गयी टिप्पणी को लेकर बयान जारी किया है। बयान जारी कर कोर्ट की टिप्पणी को गैरजरूरी, स्तब्धकारी और कोर्ट की गरिमा के खिलाफ बताया है। बयान जारी करने वालों में हाई कोर्ट के 15 रिटायर्ड जज, 77 रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट्स और 25 रिटायर्ड सैन्य अधिकारी शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि किसी भी द है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के दो जजों ने नूपुर शर्मा के मामले की सुनवाई करते हुए लक्ष्मण रेखा लांघी। जजों की टिप्पणी से पूरे देश में आश्चर्य व्यक्त किया गया। इन टिप्पणियों की वजह से न्याय प्रणाली की साख पर असर पड़ा है और देश में लोगों की भावनाएं काफी आहत हुई हैं। बयान में कहा गया है कि जजों की टिप्पणियों की वजह से उदयपुर की वीभत्स घटना नजरअंदाज हो गई।

**टिप्पणियां न्यायिक लोक व्यवहार के खिलाफ:** पूर्व न्यायाधीशों, अफसरों व सैन्य अधिकारियों ने कहा है कि शीर्ष कोर्ट की टिप्पणियां न्यायिक आदेश का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन इनके जरिए न्यायिक औचित्य और निष्पक्षता को प्रभावित नहीं किया जाना चाहिए।

**पत्र पर इन हस्तियों के हैं हस्ताक्षर:** पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में बॉम्बे हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश क्षितिज व्यास, गुजरात हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एसएम सोनी, राजस्थान हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश आरएस राठौर और प्रशांत अग्रवाल, दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एसएन ढींगरा शामिल हैं।

### जस्टिस पारदीवाला ने कहा था- जजों पर पर्सनल अटैक खतरनाक

**सुप्रीम** कोर्ट ने उदयपुर और अमरावती में हुई हत्याओं के लिए बीजेपी की पूर्व नेता नूपुर शर्मा को जिम्मेदार बताया था। इसके बाद जजों के फैसले को लेकर लगातार पर्सनल अटैक हो रहे हैं। नूपुर शर्मा की याचिका पर सुनवाई करने वाली बेंच का हिस्सा रहे एक जज ने इन हमलों पर आपत्ति जताई थी। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला ने एक कार्यक्रम में कहा था कि न्यायाधीशों पर उनके फैसलों के लिए व्यक्तिगत हमले करना खतरनाक है।

इनके अलावा पूर्व आईएएस अधिकारी आरएस गोपालन और एस कृष्ण कुमार, सेवानिवृत्त राजदूत निरंजन देसाई, पूर्व डीजीपी एसपी वेद और बी एल वोहरा, लेफ्टिनेंट जनरल वी के चतुर्वेदी (सेवानिवृत्त) और एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) एसपी सिंह ने भी बयान पर दस्तखत किए हैं। बता दें, सुप्रीम कोर्ट ने 1 जुलाई को सुनवाई के दौरान नुपुर शर्मा को जमकर फटकार लगाई थी। शर्मा के पैगंबर मोहम्मद को लेकर आपत्तिजनक बयान पर देश में मचे बवाल के लिए उसे जिम्मेदार ठहराया था। नुपुर को टीवी आकर माफी मांगने का भी सुझाव दिया था। यह भी कहा था कि देश में उसके बयान के कारण आग लगी है। देश में जो भी हो रहा है, उसके लिए वही एकमात्र जिम्मेदार है। इन टिप्पणियों के साथ ही शीर्ष कोर्ट ने नुपुर शर्मा के खिलाफ देशभर दर्ज एफआईआर को एकजुट कर दिल्ली स्थानांतरित करने और यहीं सुनवाई की मांग वाली अर्जी खारिज कर दी थी।

## स्पाइसजेट के विमान की पाक में इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली:** दिल्ली से दुबई जा रहे स्पाइसजेट के विमान की मंगलवार को पाकिस्तान के कराची में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। फ्लाइट में मौजूद सभी पैसेंजर सेफ हैं। एयरलाइन ने अपने बयान में कहा-स्पाइसजेट बी737 की फ्लाइट नंबर एसजी-11 दिल्ली से दुबई जा रही थी। इसी दौरान विमान के इंडिकेटर में खराबी का पता लगा। इसके बाद फ्लाइट को कराची डायवर्ट किया गया। हालांकि स्पाइसजेट ने इसे इमरजेंसी लैंडिंग नहीं माना है।




**फ्यूल लीक का भी दावा:** डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन के मुताबिक एयरक्राफ्ट के फ्यूल टैंक से लीकेज की भी आशंका है। हवाले से कहा- फ्लाइट के दौरान क्रू ने महसूस किया कि एयरक्राफ्ट के फ्यूल टैंक का लेवल अचानक कम हो रहा है।

### 'भाजपा हार के डर से एमसीडी चुनाव टाल रही'

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हार के डर से दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव टाल रही है। केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा के मॉनसून सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि वह केन्द्र सरकार से मांग करते हैं कि एमसीडी चुनाव समय पर कराए जाएं। केजरीवाल ने कहा कि सरकार अगर उनकी बात नहीं मानेगी तो वह कोर्ट जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा आम आदमी पार्टी से हार के डर से चुनाव टाल रही है।

## वीवो के 44 ठिकानों पर ईडी का छापा




**नई दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को चाइनीज कंपनी वीवो पर छापा मारा है। यूपी, एमपी बिहार, झारखंड, पंजाब और हरियाणा सहित कई राज्यों के 44 जगहों पर इससे जुड़ी फर्मों में तलाशी ली गई है। मनी लॉन्ड्रिंग केस में यह छापेमारी हो रही है। एऊकी कई टीमें सुबह से अलग-लाग जगहों पर छापेमारी कर रही हैं। इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) भी पहले से जांच कर रही है।

**आईटी और ईडी के निशाने पर हैं चाइना की मोबाइल कंपनियां:** चाइना की अन्य कंपनियों की तरह वीवो भी आईटी और ईडी के रडार पर है। अप्रैल में जांच की मांग की गई थी कि क्या वीवो की ऑनरशिप और फाइनेंशियल रिपोर्ट में गड़बड़ी है या नहीं? ईड, सीबीआई के साथ कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय भी इन कंपनियों से जुड़े फर्मों पर कड़ी नजर रखे हुए है।

**शाओमी पर भी हुई थी कार्रवाई:** स्मार्टफोन बनाने वाली चीनी कंपनी शाओमी पर ईडी ने छापेमारी की कार्रवाई की थी।

इसके बेंगलुरु स्थित ऑफिस से अप्रैल में ईडी ने 5,551 करोड़ रुपए की रकम जब्त की थी। कंपनी पर अपनी कमाई को गैरकानूनी तरीके भारत से बाहर भेजने का आरोप था। कंपनी ने यह हेराफरी इसी महीने फरवरी में की थी, जिसके बाद संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की गई थी। ईडी का कहना था कि टेक कंपनी रॉयल्टी के नाम पर इस तरह के बड़े अमाउंट की हेराफेरी चीन में मौजूद अपनी पेरेंट कंपनी के इशारे पर कर रही थी। इसे अमेरिका में मौजूद शाओमी ग्रुप कंपनी को भी भेजा गया था।

## पीएम मोदी के दौरे की तैयारियों का सीएम योगी ने लिया जायजा



**वाराणसी:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को वाराणसी दौरे पर पहुंचे। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का जायजा लेने वाराणसी पहुंचे। सीएम योगी का हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन में उतरा। यहां प्रशासनिक अफसरों ने सीएम योगी का स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन किए और पूजा की। फिर सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों के साथ तैयारियों को लेकर बैठक की।

## 12-15 प्रतिशत एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल में एक्साइज ड्यूटी से राहत

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए 12 से 15 प्रतिशत तक एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल में एथेनॉल पार्ट पर एक्साइज ड्यूटी नहीं लगाने का फैसला किया है। माना जा रहा है कि सरकार के इस फैसले से एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल के इस्तेमाल को और बढ़ावा मिल सकेगा। इस संबंध में केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने एक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। केंद्र सरकार के इस फैसले के बाद 12 से 15 प्रतिशत तक एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल के एथेनॉल पार्ट के लिए एक्साइज ड्यूटी नहीं देनी होगी। इस नोटिफिकेशन के मुताबिक अगर बाजार में बिकने वाले पेट्रोल में



न्यूनतम 12 से लेकर अधिकतम 15 प्रतिशत तक एथेनॉल की ब्लेडिंग की जाएगी, तो उस पर खरीदार को एक्साइज ड्यूटी के भुगतान में राहत मिल सकेगी। मार्केट एक्सपर्ट संतोष धीमान ने केंद्र सरकार के नोटिफिकेशन को स्पष्ट करते हुए बताया कि यदि पेट्रोल में 12 या 15 प्रतिशत तक एथेनॉल मिलाया जाता है, तो खरीदार को सिर्फ उसके 88 या 85 प्रतिशत हिस्से के लिए ही एक्साइज ड्यूटी का भुगतान करना होगा। यानी इथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल में एक्साइज ड्यूटी सिर्फ उसमें शामिल पेट्रोल के लिए ही ली जाएगी, एथेनॉल पूरी तरह से एक्साइज ड्यूटी फ्री रहेगा।

गौरतलब है कि पहले पेट्रोल में 8 प्रतिशत एथेनॉल के ब्लेंडिंग की अनुमति थी लेकिन केंद्र सरकार ने इस बजट में एथेनॉल ब्लेंडिंग की सीमा को बढ़ाकर 10 प्रतिशत कर दिया। अब एथेनॉल ब्लेंडिंग की सीमा को और बढ़ाकर 12 से 15 प्रतिशत कर दिया गया है।

### गढ़वा के स्कूल में शीश भी नहीं नवाते छात्र-छात्रा, गांववालों ने दबाव बनाकर करवाया बदलाव

## 75% अल्पसंख्यक इसलिए हाथ जोड़कर नहीं होती प्रार्थना

**रांची:** झारखंड के गढ़वा जिले में एक स्कूल के छात्र हाथ जोड़कर प्रार्थना नहीं कर सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उस इलाके की आबादी 75% मुस्लिमों की है। मामला कोरवाडीह के एक मिडिल स्कूल का है। अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने दबाव डालकर वहां वर्षों से चली आ रही प्रार्थना के तरीके में बदलाव करवा दिया। दरअसल, गांव वालों के दबाव की वजह से स्कूल में 'अब दया कर दान' प्रार्थना की जगह 'तू ही राम, तू ही रहीम प्रार्थना' शुरू हो गई।



बच्चों को हाथ जोड़ प्रार्थना करने से भी मना किया गया है। मुस्लिम बहुल गांव के लोगों का कहना है कि स्थानीय स्तर पर उनकी आबादी 75 फीसदी है। इसलिए स्कूल में प्रार्थना के लिए नियम भी हमारे मुताबिक ही बनाने होंगे। गांव वालों ने इसको लेकर वहां के प्रधानाध्यापक योगेश राम पर दबाव बनाया। इस संबंध में प्रधानाध्यापक ने बताया, 'ग्रामीणों की जिद के आगे वह मजबूर होकर ऐसा करवा रहे हैं। हालांकि इसकी जानकारी आला अधिकारियों को दी गई है। पिछले 4 महीने से अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने जोर डालकर प्रार्थना को भी बदलवा दिया है। स्थानीय मुखिया और उन्होंने लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन अभी तक कोई हल नहीं निकला।'

**शिक्षा मंत्री ने दिए कार्रवाई के आदेश:** राज्य के गढ़वा जिले के स्कूल में अल्पसंख्यक समुदाय द्वारा प्रार्थना बदलवाने के मामल में शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने जांच के आदेश दिए हैं।

महतो ने इस संबंध में गढ़वा जिले के डिप्टी कमिश्नर को जांच करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा की जांच रिपोर्ट में जो भी दोषी पाए जायेंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज सुबह ही उन्हें भी इस तरह की घटना की जानकारी मिली।

## फिर लुढ़का रूपया: एक डॉलर की कीमत 79.36 रुपये

**नई दिल्ली:** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा रुपये में गिरावट का सिलसिला लगतार जारी है। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को रुपया 41 पैसे लुढ़कर 79.36 रुपया प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में कारोबार के दौरान भारतीय रुपया 41 पैसे टूटकर 79.36 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान यह 79.38 रुपया प्रति डॉलर के स्तर तक गया था, जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। विनिमय बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपया 9



पैसे टूटा था, जो बाजार बंद होते-होते 41 पैसे टूटकर 79.36 रुपये प्रति डॉलर तक पहुंच गया। एक दिन पहले भारतीय मुद्रा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 78.95 रुपये पर बंद हुआ था। शेयर बाजार के जानकारों का मानना है कि मौजूदा हालात में रुपये की गिरावट का स्तर 80 रुपया प्रति डॉलर के पार जा सकता है। उल्लेखनीय है ।

अखंड भारत संदेश
प्रयागराज, बुधवार 06. 07. 2022


## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी केन्द्र बनाने का प्रस्ताव भेजने के लिए प्रधान द्वारा हीलाहवाली

**सहसों।** बहादुरपुर ब्लाक क्षेत्र के सिंगरामऊ गांव में आंगनवाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण के लिए शासन द्वारा धन स्वीकृत के लिए ग्राम सभा द्वारा प्रस्ताव मांगा गया है परन्तु आज तक ग्राम सभा सिंगरामऊ के ग्राम प्रधान द्वारा हीला हवाली करते हुए प्रस्ताव बनाकर भेजा नहीं गया। इस सम्बन्ध में सिंगरामऊ की आंगनवाड़ी केन्द्र कार्यकत्री प्रथम उषा द्विवेदी का कहना है कि कई बार ग्राम प्रधान से इस विषय पर सम्पर्क किया परन्तु ग्राम प्रधान ने बताया कि जमीन चिन्हित करने में लेखपाल सहयोग नहीं कर रहा है ग्राम प्रधान के इसी हीलाहवाली से अब तक केन्द्र का भवन निर्माण हेतु प्रस्ताव शासन को नहीं जा सका है। उनका कहना है कि विकासखंड बहादुरपुर के उत्तरदाई अधिकारियों से निवेदन है कि आंगनवाड़ी केन्द्र भवन निर्माण के लिए शीघ्र अति शीघ्र प्रस्ताव शासन को भिजवाने के लिए आवश्यक कार्यवाही किया जाए। जिससे भवन का निर्माण अविलम्ब हो सके ताकि आंगनवाड़ी केन्द्र सुचारू रूप से संचालित होता रहे।

# यजमानी के विवाद में तीर्थ पुरोहित की गोली मारकर हुई हत्या

## मृतक आशीष तिवारी अपने दोनों भाइयों लवकुश व रमाशंकर के साथ जा रहा था सामान लेने, तीनों को किया गया था टारगेट भाई लवकुश व रमाशंकर अस्पताल में भर्ती





अखंड भारत संदेश

**नैनी।** अरैल के सच्चा बाबा नगर में मंगलवार को यजमानी के विवाद में तीर्थ पुरोहित आशीष तिवारी(25)को दिनदहाड़े गोली मार कर हत्या कर दी गई। वह अपने भाई लवकुश व रमाशंकर के साथ सामान लेने जा रहा था तभी तीनों को घेरकर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। इसमें आशीष की मौत हो गई।जबकि दोनों घायल हो गए।जिन्हें एसआरएन में भर्ती कराया गया।मिली जानकारी के अनुसार नैनी क्षेत्र के अरैल सच्चा बाबा नगर में मंगलवार को यजमानी के विवाद में तीर्थ पुरोहित आशीष तिवारी(25)पुत्र दया शंकर तिवारी को दिनदहाड़े गोली से उड़ा दिया गया। वह अपने भाई लवकुश तिवारी व रमाशंकर तिवारी के साथ सामान लेने जा रहा था तभी तीनों को घेरकर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। इसमें आशीष की मौत हो गई जबकि लवकुश व रमाशंकर गंभीर रूप से घायल हो गये है।दोनों को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।परिजनों का आरोप है कि वारदात को पड़ोस में रहने वाले हनुमान तिवारी, उसके भाई शिव प्रसाद तिवारी और बहनोई राजा मिश्रा ने अंजाम दिया। घटना में हनुमान ने अपनी लाइसेंसी राइफल से फायरिंग की। सूचना पर एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित,सीओ करछना,नैनी इंस्पेक्टर के अलावा आसपास के थानों की फोर्स मौके पर पहुंची।जहां जांच पड़ताल की जा रही है।

### किशोरी को बरामद कर प्रेमी को पुलिस ने भेजा जेल

**मऊआइमा।** एक सप्ताह पूर्व भागी किशोरी को पुलिस ने उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। किशोरी फिर भाग गयी। पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम तेजपुर निवासनीय एक किशोरी गाँव के एक युवक के साथ एक सप्ताह पूर्व भाग गयी थी । जिसमें पुलिस ने अपहरण और दुराचार का मुकदमा दर्ज कर आरोपी दशरथ लाल उर्फ उधम सिंह को पुलिस ने किशोरी को बरामद कर उसके प्रेमी दशरथ लाल उर्फ उधम सिंह को 28 जून को जेल भेज दिया था।

### विधवा की भूमि धरी जमीन पर जबरन कराया जा रहा सड़क का निर्माण एसडीएम से शिकायत

**करछना।** तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत ढोलीपुर निवासी तारावती पत्नी स्वर्गीय मुन्नीलाल की गांव में पुश्तैनी जमीन है जिस पर गांव के कुछ दबंग किस्म के लोग उसकी भूमि की जमीन से जबरन सड़क का निर्माण कार्य करा रहे हैं जिसे करनें पर धमकाया जा रहा है तथा उसे जान से मारने की भी धमकी दे रहे हैं जिस पर पीड़ित विधवा महिला ने उप जिला अधिकारी करछना से शिकायत कर दबंगों से अपनी भूमि पर बन रहे सड़क निर्माण को तत्काल रोके जाने की शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपित किया है कि अगर समय रहते प्रशासन कार्यवाही नहीं करता है तो किसी भी समय अप्रिय घटना घट सकती जिसके लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा।

## न्यूज झरोखा

### विकास खंड कार्यालय जसरा में किया गया पौधरोपण



**जसरा।** विकास खंड कार्यालय जसरा में पौध रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ब्लाक प्रमुख जसरा व विकास खंड कार्यालय के अधिकारियों ने पौधे लगाए। मंगलवार को विकास खंड जसरा के परिसर में पौधरोपण करते हुए प्रमुख अजीत सिंह ने कहा कि प्रकृत के साथ हुए छेड़छाड़ के कारण आज मौसम पूरी तरह से निष्क्रिय बन चुका है। हम सबको मिलकर पूरे जसरा ब्लॉक को हरा भरा बनाना होगा। बीडीओ ने कहा कि पौधरोपण करके लोगों को संदेश देना होगा कि धरती पर यदि वृक्ष होंगे, तो ही हमारा जीवन होगा। वहीं एडीओ पंचायत जसरा श्याम लाल तिवारी ने भी कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। जिसमें कई प्रकार के फलदार व छायादार वृक्षों के पौधे लगाए। इस अवसर पर एडीओ पंचायत श्याम लाल तिवारी,प्रधान संघ अध्यक्ष दारा सिंह पटेल, अनिल शुक्ल,प्रधान प्रतिनिधि भीमसिंह पटेल, सचिव रामलाल यादव,राजा सिंह, गोलू त्रिपाठी, अमरजीत यादव,रोजगार सेवक सरिता सिंह,शिवेन्द्र सिंह, सुनील सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### नागरिक पीजी कॉलेज में प्राचार्य ने पौधारोपण किया



**जंघई।** प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित 35 करोड़ वृक्षारोपण के लक्ष्य को पूर्ण करने में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए पर्यावरण संरक्षण को समर्पित इस 'वृक्षारोपण जन आंदोलन-2022' को सफल व सार्थक बनाते हुए नागरिक पीजी कालेज जंघई के प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया और लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन साथी हैं पौधा लगाएं, जीवन बचाएं पर्यावरण की रक्षा करें।सभी से निवेदन है पौधा अवश्य लगाएं सबसे महंगी चीजों हवा, पानी, आक्सीजन को प्रकृति ने हमें मुफ्त में दिया है तो यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि उसे सहेज कर रखें। पौधारोपण करने वालों में लेखाकार रंजन शर्मा, रमाकांत दुबे, कृष्णराज शुक्ला, राकेश तिवारी सहित तमाम सहयोगी मौजूद रहे।

### प्रकृति के संतुलन में वृक्षों का अमूल्य योगदान: मनीष



**करछना।** हमारी वनसंपदा और वृक्षों का प्रकृति के संतुलन और पर्यावरण को संतुलित बनाने के साथ-साथ वातावरण को शुद्ध बनाने में अमूल्य योगदान है। हम सबको चाहिए कि इस अभियान के भागीदार बनते हुए कम से कम एक पौधा अवश्य रूप से लगाएं। यह बातें वनमहोत्सव अभियान के तहत रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज परिसर में पौध रोपण करते हुए प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कहीं। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में वृक्षों के योगदान और उपकार की कोई भरपाई नहीं की जा सकती यह यज्ञ के समान है जिसके लिए बच्चे भी अपने घर एक पौधा जरूर लगाएं और परिवार और पास पड़ोस के लोगों को भी पौधरोपण करने हेतु जागरूक करें। एनसीसी अधिकारी रमेश चंद्र तिवारी और शिक्षक परवेज सिद्दीकी ने भी बच्चों को वृक्षों के महत्व के बारे में समझाया इस दौरान परिसर में सागौन,अमरुद,अकेसिया जैसे फलदार,छायादार एवं शोभाकार पौधे लगाए गए। इस मौके पर शिक्षक,शिक्षिका,कर्मचारी एवं बच्चे मौजूद रहे।

### डिप्टी सीएम से मंडल अध्यक्ष ने बताई क्षेत्र की जनसमस्याएं



**प्रतापपुर।** प्रतापपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद से मुलाकात कर प्रतापपुर क्षेत्र की जन समस्यायों से अवगत कराया।उपमुख्यमंत्री ने मंडल अध्यक्ष को आश्वस्त करते हुए कहा उत्तर प्रदेश में जिस तरह विकास की गंगा बह रही है प्रतापपुर इससे अछूता नही रहेगा प्रतापपुर के साथ किसी भी प्रकार का पक्षपात नही किया नही किया जाएगा।वही मंडल अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी की संगठन के प्रति समर्पण के लिए सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दिया।

### फांसी की मांग को लेकर विहिम ने सौंपा ज्ञापन



**नैनी।** विश्व हिन्दू महासंघ प्रयागराज के जिलाध्यक्ष राजकुमार केशरवानी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी प्रयागराज को अपर जिलाधिकारी नगर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा और महामहिम राष्ट्रपति जी से नूपुर शर्मा के समर्थन में किए गए पोस्ट के कारण की गई अमानवीय हत्या पर रोष व्यक्त करते हुए कन्हैया के हत्यारों को तत्काल फांसी की सजा देने की मांग की गई प्रतिनिधिमण्डल में मुख्य रूप से सर्वश्री शशि शेखर श्रीवास्तव, रोशनी अग्रवाल,सुनीता चोपड़ा, शिखा खन्ना,अमित केशरवानी, धीरज शर्मा, नीलम गिरि, मीनू पाण्डेय, डाक्टर ए के शुक्ला, राजेश केशरवानी,संजय प्रजापति,ऊषा साहू,सरिता साहू, सहित अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

### पर्यावरण को संरक्षित करना सभी का कर्तव्य : प्रीति शुक्ला



**करछना।** विकासखंड के ग्राम पंचायत बसरिया में वृक्षारोपण के दौरान ग्राम पंचायत विकास अधिकारी प्रीति शुक्ला ,एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा एवं मनरेगा प्रभारी कंप्यूटर ऑपरेटर मनीष शुक्ला के नेतृत्व में पंचायत भवन बसरिया में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश दिया इस मौके पर प्रधान समरजीत यादव के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं एवं खंड प्रेरक अतुल कुमार मिश्रा चंद्रभान सिंह दिलीप कुमार सिपाही लाल प्रजापति पूर्व प्रधान ,उदयराज कुशवाहा आदि बड़ी संख्या में लोग वृक्षारोपण कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### सदर गांव में प्रधान ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण का संदेश



**करछना।** विकास खंड के तहसील सदर गांव करछना में मंगलवार को प्रधान आकृति सिंह ,प्रतिनिधि अवतार किशन सिंह एडवोकेट सचिव प्रीतिशुक्ला, पंचायत सहायक प्रतिभा सिंह, रोजगार सेवक गिरधारी लाल के तत्वावधान में करछना गांव के पूरव अकेलवा तालाब पर पांच सौ वृक्षों का रोपण किया गया, जिसमें पीपल, बरगद, पाकर आदि पर्यावरण को बेहतर बनाने वाले पौधों को लगाया गया,इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि अवतार किशन सिंह एडवोकेट प्रधान संघ करछना अध्यक्ष ने बताया कि कुल तीन तक चरणों में 5,10,व 15 जुलाई तक में 1500, वृक्षारोपण करने का लक्ष्य है, जिसे उक्त समय पर किया जायेगा।

# मेजा मे वज्रपात से किशोरी की मौत

## माता-पिता की कुछ वर्ष पहले ही हो चुकी है मौत

अखंड भारत संदेश



सूचना पर पहुंची पुलिस लिखापढ़ी करती

**मेजा रोड।** मेजा में मंगलवार की दोपहर झमाझम बारिश के दौरान गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से किशोरी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस व लेखपाल ने लिखापढ़ी कर अगली कार्रवाई मे जुटे हुए हैं। बता दें कि मेजा क्षेत्र के सोरांव गांव निवासी स्व कमलेश भारतीया की 16 वर्षीय पुत्री प्रियंका घर के बाहर घर का काम कर रही थी कि दोपहर अचानक गरज चमक के साथ बारिश होने लगी। इसी दौरान गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से किशोरी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। किशोरी की मौत से परिजनों का रो-रो कर हाल बेहाल हो गया है। परिजनों की सूचना पर ग्राम प्रधान राजेश द्विवेदी, क्षेत्रीय लेखपाल धवल पाण्डेय व स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कार्रवाई में जुट गई है। प्रियंका दो भाईयों के बीच इकलौती बहन थी। पिता स्व कमलेश भारतीया व माता स्व शैला देवी की कुछ वर्षों पूर्व मौत हो चुकी है। छोटे भाई व बहन के पालन पोषण हेतु बड़ा भाई बाहर रहकर नौकरी करता है। दोनों बच्चे अपने दादा-दादी रंगलाल भारतीया के साथ घर पर छोटा भाई व प्रियंका रहते थे।

## अल्लापुर से युवक को अगवा करने में पांच पर मुकदमा

**प्रयागराज।** अल्लापुर के रहने वाले आनंद पांडेय ने दिवाकर तिवारी, छोटू, सुनील दुबे, शिवम दुबे और रोहित पांडेय के खिलाफ जार्जटाउन थाने में अपरहण, मारपीट, बवाल और धमकी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को बताया कि दो जुलाई को वह घर से निकला था। दादा डेयरी के पास टाटा सफारी से पहुंचे आरोपियों ने उसे सरेआम अगवा कर लिया। तमंचा सटाकर धमकी दी कि हत्या करके उसके शव को पहाड़ से नीचे फेंक देंगे। गाड़ी से लेकर उसे गौहनियां पहुंचे। वहां पर गाड़ी रोक आरोपी उतरने लगे तो मौका देखकर आनंद वहां से भाग निकला। नैनी पुलिस पहुंचकर मदद मांगी लेकिन नैनी पुलिस ने उसे जार्जटाउन भेज दिया। पुलिस को बताया कि आरोपी घूरपुर और हंडिया के रहने वाले हैं। पुलिस बयान के आधार पर मुकदमा दर्ज करके जांच कर रही है।



## अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : एसडीएम

### बकरीद पर्व को लेकर थाना कोरांव में संपन्न हुई पीस कमेटी की बैठक

**रत्योंरा /कोरांव।** मंगलवार को थाना कोरांव में बकरीद पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक उप जिलाधिकारी कोरांव शुभम श्रीवास्तव एवं तहसीलदार डॉ विशाल कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर फर्जी अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। युवा पीढ़ी सोशल मीडिया में फर्जी अफवाह फैलाने से बचे। उन्होंने निर्धारित स्थानों पर ही कुर्बानी देने समेत नगर में पर्व के मद्देनजर साफ सफाई के बेहतर इंतजाम किए जाने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह को सभी मस्जिदों का पुनः निरीक्षण करते हुए शांति व्यवस्था के मुकम्मल इंतजाम करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार एसडीएम ने तहसीलदार को बकरीद पर्व के मद्देनजर क्षेत्र के विवादित स्थलों एवं मस्जिदों का निरीक्षण कर शांति व्यवस्था में सहयोग की अपील की। पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित लोगों से एसडीएम तहसीलदार व थाना प्रभारी ने क्षेत्र के विवादित स्थानों एवं किन-किन स्थानों पर विवाद हो सकता है आदि की जानकारी लेते हुए पर्व को शांति एवं सौहार्द तथा आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। बैठक में प्रमुख रूप से जाफर अली, अरुण तिवारी एडवोकेट, समेत मस्जिदों के पेश इमाम एवं जिला अपराध निरोधक समिति के वालंटियर तथा कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बसरिया गांव के पास जल्द होगा रेल अंडर पास का निर्माण :डॉ रीता जोशी

## विधानसभा करछना अंतर्गत पंचायत भवन बसरिया पर सांसद एवं विधायक ने किया पौधरोपण





अखंड भारत संदेश

**करछना।** विधानसभा करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत बसरिया में आयोजित बूथ सशक्तिकरण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रयागराज की सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद के नेतृत्व में एक जनसभा आयोजित की गई जिसमें गांव में विकास से संबंधित लोगों से एवं महिलाओं से जानकारी ली गई जिस पर ग्रामीणों ने बिजली सड़क आवास के अलावा जारी मनैया मार्ग पर बसरिया रेलवे लाइन के पास अंडरपास की समस्या को गंभीरता से उठाया जिसको सांसद रीता जोशी ने आश्वासन दिया कि की रेल अंडर पास की समस्या को रेल मंत्री वह रेल महाप्रबंधक से मिलकर अंडरपास की समस्या जल्द दूर कराई जाएगी जिससे 50 गांव से अधिक का आवागमन बहाल हो सके इसके अलावा उन्होंने पंचायत भवन बसरिया में जाकर वृक्षारोपण भी किया इस मौके पर उपस्थित महिलाओं से आवास विधवा पेंशन विकलांग पेंशन वृद्धा पेंशन शौचालय आदि समस्याओं को जमीनी स्तर से महिलाओं से जानकारी ली जिसे विधायक करछना पियूष रंजन निषाद व सांसद मिलकर उसे अविलंब दूर कराए जाने का आश्वासन दिया इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी ,भाजपा जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद ,लक्ष्मी शंकर पांडेय , नन्हे पांडे निषाद रिंकू सिंह उदय राज कुशवाहा समरजीत यादव ,राज कुमार मिश्रा, कार्तिकेय कुशवाहा, एवं बूथ प्रभारी सहित गांव की बडी संख्या में महिलाएं पुरूष गणमान्य लोग शामिल रहे।

## उसरही ग्राम पंचायत में अमृत महोत्सव के तहत रोपे गए हजारों पौधे



उसरही में पौधारोपण करते एमएलसी सुरेंद्र चौधरी संग ब्लॉक प्रमुख सोरांव

**सोरांव।** मंगलवार को अमृत महोत्सव उद्यान समारोह की तरफ से प्राथमिक विद्यालय उसरही में विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी ने पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की इतना ही नहीं पूरे ग्राम पंचायत में शीशम अशोक अमरूद आम जामुन नेम यूकेलिप्टस सहित कई प्रकार के पौधे रोपित किए गए कुल 1895 पौधारोपण किया गया। जिसमें से 75 पौधे प्राथमिक विद्यालय उसरही कैम्पस में शेष पौधे ग्राम पंचायत के विभिन्न स्थानों पर रोप गए। जानकारी के अनुसार सरकार की तरफ से हर ग्राम पंचायतों में ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए 1 जुलाई से 7 जुलाई के बीच ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपण करना है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को भी सोरांव ब्लॉक के उसरही ग्राम पंचायत में पौधे रोपे गए। इतना ही नहीं मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र कुमार चौधरी ने शीशम के पौधे रोपकर कार्यक्रम की शुरूआत की तत्पश्चात ब्लाक प्रमुख सोरांव प्रदीप कुमार सरोज ने भी नीम के पौधे लगाए। और मौजूद लोगों को पौधों की उपयोगिता के बारे में विस्तार से चर्चा किए। वही ग्राम पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह ने कहा कि वृक्षों को लगाओं, पर्यावरण को बढ़ाओ। वृक्षारोपण का करो आह्वान, पेड़ लगाओ-पेड़ लगाओ कि सूक्ति पढ़कर लगभग दर्जनों पौधों को रोपण किए। इतना ही नहीं सचिव ने कहा कि वृक्ष लगाने का

### वृक्ष धरा का भूषण है करता दूर प्रदूषण है : बीडीओ

पहला और सबसे महत्वपूर्ण लाभ यह है कि वे कार्बन डाइऑक्साइड और श्वास ऑक्सीजन का आदान-प्रदान करते हैं। पर्यावरण में ऑक्सीजन की जरूरत सभी को ज्ञात है। पेड़ न केवल कार्बन डाइऑक्साइड लेते हैं बल्कि वातावरण से कई अन्य हानिकारक गैसों को भी अवशोषित करते हैं जिससे वातावरण को ताजगी मिलती है। इतना ही नहीं प्रधानाध्यापिका खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि यह हैरत और अफसोस की ही बात है कि जिस देश में, समाज में पेड़-पौधों को पूजने की प्रथा रही है, अब उसी देश में, उसी समाज में पेड़ कम हो रहे हैं। बदलते दौर के साथ लोगों का प्रकृति से रिश्ता टूटने लगा। जब से दुनिया शुरू हुई है, तभी से इंसान और कुदरत के बीच गहरा रिश्ता रहा है। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुरेंद्र कुमार यादव, प्रधान पति अवधेश कुमार कुशवाहा, प्रधानाध्यापिका किरन पाण्डेय, ग्राम प्रधान सीता देवी कुशवाहा, पंचायत सहायक उर्मिला देवी, ग्राम पंचायत सदस्य रश्मि सिंह, रोजगार सेवक दीपक यादव, तकनीकी सहायक मनरेगा वसीम अहमद, सफाई कर्मी सर्वजीत यादव, पुष्पा देवी व गौरी शंकर यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## विधायक समेत विभागीय अधिकारियों ने किया पौधरोपण

### वन विभाग ने रोपे120750 पैधे, वन विभाग, खंड विकास तथा स्वास्थ्य एवं शिक्षा समेत सभी प्रमुख विभागों ने किया पौधरोपण



**रत्योंरा /कोरांव।** वृक्षों से ही वसुंधरा हरी-भरी होंगी और लोगों को शुद्ध हवा व वातावरण मिल सकेगा। पेड़ों से ही मानसून बनता है और बारिश होती है। खेती बारी के लिए भी वृक्ष बहुत उपयोगी हैं और अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। यह बातें कोरांव भाजपा विधायक राजमणि कोल ने वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव, वन रेंज बसहरा एवं बेलवरिया में स्थित गौशाला के प्रांगण में वृक्षारोपण करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। विधायक राजमणि कोल ने आगे कहा कि वसुंधरा को हरा भरा बनाने के लिए हमारी सरकार 5 जुलाई को प्रत्येक वर्ष वन महोत्सव कार्यक्रम मनाती है, और पूरे प्रदेश में ग्राम पंचायत से लेकर क्षेत्रीय पहाड़ों पर वृहद वृक्षारोपण कराया जाता है। जिससे लोगों को शुद्ध हवा और वातावरण मिल सके। वन रेंज बसहरा में पौधरोपण करने के दौरान क्षेत्रीय वन अधिकारी कोरांव दिनेश कुमार, वन दरोगा अशोक कुमार, मथुरा यादव वन दरोगा कोरांव, रमेश वन दरोगा, मानवेंद्र वनरक्षक आशीष कुमार पटेल वनरक्षक समेत कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसी प्रकार विधायक राजमणि कोल के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव में भी वृक्षारोपण किया गया। जहां पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के अधीक्षक डॉ केबी सिंह, मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक हरीश सक्सेना, बबुआन द्विवेदी, भाजपा महिला मोर्चा की जिला मीडिया प्रभारी संतरा देवी निषाद, विजय द्विवेदी समेत भारतीय जनता पार्टी के कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के स्टाफ मौजूद रहे। इसी प्रकार थाना परिसर कोरांव में भी तहसीलदार डॉ विशाल कुमार शर्मा एवं थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। थाना परिसर में पुलिस कर्मी संदीप सिंह व भूपेंद्र यादव समेत कई अन्य सिपाहियों के द्वारा भी पौधरोपण किया गया। इसी प्रकार खंड विकास कार्यालय के निर्देश पर प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों एवं ग्राम विकास अधिकारियों के द्वारा भी वृहद पैमाने पर पौधरोपण कराया गया। वन विभाग की ओर से कोरांव में कुल 120750 पौध जहां रोपे गए वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव की ओर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ोखर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खीरी में कुल 515 पौध रोपे गए।



वृक्षारोपण कार्यक्रम के मंच पर बैठे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक व अभिलाषा गुप्ता नंदी



पौधरोपण कार्यक्रम में उपस्थित लोग

# वृक्षारोपण का पुण्य गंगा स्नान से अधिक है : बृजेश पाठक

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** हम अक्सर वृक्षारोपण करते हैं लेकिन उन वृक्षों को बचाने के लिए हम क्या करते हैं हमें वृक्षों को बचाने के लिए उन्हें गोद लेना चाहिए वृक्ष को गोद लेने का मतलब अपने पुत्र पुत्री को गोद लेने जैसे है वृक्ष तभी बचेंगे जब समाज का हर वर्ग हर व्यक्ति वृक्षों को बचाने के लिए आगे आएगा। उक्त बातें मंगलावर को कनिहार झूंसी स्थित आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कही। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री जिले के प्रभारी बृजेश पाठक ने कहा कि वृक्षारोपण का पुण्य गंगा स्नान से अधिक है। आज जो वृक्षारोपण किया गया है इसको हम लोग सुरक्षित रखेगे समाज और पर्यावरण के लिए नया काम करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश एक बार फिर इतिहास रचने जा रहा है प्रदेश में कुल



पौधरोपण करते डिप्टी सीएम बृजेश पाठक

35 करोड़ वृक्षारोपण किया जायेगा। विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल ने सैकड़ो बीघे में फैली कनिहार झील पर सुंदर पार्क बनाने का प्रस्ताव डिप्टी सीएम के सामने रखा। वही नेहरू युवा केंद्र के कलाकरो ने नाटक के माध्यम से पर्यावरण के संरक्षण का संदेश दिया। स्कूल के बच्चो ने पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से पर्यावरण को बचाने के लिए लोगो को जागरूक किया। कार्यक्रम में उपस्थित डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, सांसद केशरी देवी, महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल, गुरुप्रसाद मौर्य, हर्षवर्धन बाजपेई, गंगापार जिला अध्यक्ष अश्वनी दुबे, नोडल अधिकारी अनिल कुमार, आईजी राकेश सिंह, जिलाधिकारी संजय खत्री, एसएसपी शैलेंद्र पांडे, एडीएम फूलपुर अम्बरीष बिंद, ब्लाक प्रमुख बहादुरपुर अरुणेंद्र यादव उर्फ डब्बू, पूर्व प्रधान सुनील कुशवाहा, धनंजय मिश्रा, आत्माधर सहित उपस्थित सभी कर्मचारी शिक्षक व भाजपा नेताओं को वृक्षारोपण किया।

# इफको में हुआ वृहद वृक्षारोपण

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** इफको घियानगर की फूलपुर में मंगलवार को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रम प्रवर्तन अधिकारी फूलपुर अराधना शंखधर व बंक बहादुर (श्रम प्रवर्तन अधिकारी) सोरांव ने पौधरोपण कर आने वाली पीढ़ियों की बेहतरी के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करने की अपील की। कार्यकारी निदेशक इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने बताया कि वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत इफको अपने परिसर में 4000 विभिन्न प्रजातियों के फलदार वृक्ष लगा रहा है। इफको के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पांच जुलाई से सात जुलाई तक तीन दिवसीय वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा। कार्यक्रम में संयुक्त महाप्रबंधक एम.डी.मिश्र, संजय वैश्य, पी.के.सिंह, संजय भंडारी, डॉ अनिता मिश्रा, अरुण कुमार, उपमहाप्रबंधक का0 एवं प्रशा0 दानवीर सिंह, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार मिश्र व महामंत्री स्वंय प्रकाश, इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव, अन्य वरिष्ठ अधिकारी अरवेन्द्र कुमार, उमेश कुमार शुक्ला, शम्भू शेखर, विश्वजीत कुमार श्रीवास्तव, कर्नल दिनेश सिंह, , चीरंजीव मिश्र, पद्माकर त्रिपाठी, राजशेखर गुनालन, वाई.एन.मौर्य एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



इफको में पौधरोपण करते इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया व अन्य अधिकारी



कर्मचारियों संग पौधरोपण करती महापौर

## नगर निगम के कर्मचारियों ने फल एवं औषधियुक्त पौधों का किया रोपण

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा संचालित प्रदेश स्तरीय वृक्षारोपण अभियान 2022 के अंतर्गत झूंसी ,प्रयागराज के गंगा पार्क में महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी कि अगुआई में नगर निगम के समस्त टीम ने फल एवं औषधियुक्त पौधों का पौधरोपण किया।इस अवस पर अपर नगर आयुक्त रत्न प्रिया, जोनल अधिकारी मदन गोपाल व संजय ममगई, अवर अभियंता राम सक्सेना आदि उपस्थित रहें।



## वीपीसीएल नैनी में सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने किया पौध रोपण

**करछना।** तहसील क्षेत्र वीपीसीएल प्रांगण में वन महोत्सव वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डाक्टर रीता बहुगुणा जोशी ने किया पौध रोपण कार्यक्रम के दौरान कहा की पर्यावरण के संरक्षण में सबसे महत्वपूर्ण कार्य वृक्ष को बचाना और नए वृक्ष लगाना है। आज देश का ग्रीन कवर लगभग 9 लाख वर्ग मीटर है।हमारे देश के भूखंड का 25%भाग हरियाली अर्थात ग्रीन कवर में है। प्रधान मंत्री एवं मुख्य मंत्री लगातार पर्यावरण के प्रति चिंतित हैं। सूर्य ऊर्जा एवं गैस चूल्हे पर्यावरण को बचाने के महत्वपूर्ण प्रयास है। पेपरलेस ऑफिस बने तो कागज का प्रयोग कम होगा और वृक्ष भी काम करेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस वर्ष 35 करोड़ वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा है।जन सहभागिता से ही यह संभव है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में रजनीश कुमार परमार्थी क्षेत्रीय वन अधिकारी, दिलीप कुमार बाजपेयी वन दरोगा, रामचंद्र यादव वन दरोगा, अशोक कुमार पाल वन दरोगा, व डिम्पल शर्मा फारेस्ट गार्ड मौजूद रहे।

## बीडीओ कोरांव के कार्यशैली से प्रधानों में नाराजगी



**रत्योंरा।** विकासखंड कोरांव में मनरेगा द्वारा कराए गए विकास कार्यों का भुगतान न होने से नाराज ग्राम प्रधान बीडीओ कोरांव मुकेश कुमार से वार्ता करने के बाद बिफर पड़े और उनके खिलाफ मोर्चा खोलने की हुंकार भरी है। ग्राम प्रधान संघ कोरांव के अध्यक्ष ग्राम प्रधान पड़रिया रामानुज यादव ने प्रधानों के समर्थन में बीडीओ से वार्ता करने के पश्चात कहा कि जनपद का सबसे बड़ा विकासखंड कोरांव हैं जिसमें सर्वाधिक ग्राम पंचायतें हैं फिर भी कोरांव और मांडा को एक ही बीडीओ से संबद्ध कर दिया जाता है। जिससे दोनों विकास खंडों में विकास कार्य प्रभावित होते हैं। प्रधान संघ के अध्यक्ष रामानुज यादव ने कहा है कि मांडा और कोरांव का एक ही बीडीओ होने के कारण मनरेगा के भुगतान में दिक्कत होने के कारण कोरांव के ग्राम प्रधानो द्वारा कराए गए विकास कार्यों का भुगतान नहीं हो सका जिससे ग्राम प्रधान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। इस संदर्भ में जब प्रधानों ने बीडीओ से वार्ता की तो उन्होंने कहा कि दोनों ब्लॉको में डोंगल लगाने में काफी समय लग गया जिसके कारण भुगतान नहीं हो सका। ग्राम प्रधानों ने वर्ष 2021 व 22 मैं कराए गए विकास कार्यों का भी भुगतान न होने की बात बताते हुए कहा कि बीडीओ का कहना है कि शासन की ओर से नया शासनादेश आया है जिसमें उल्लिखित है कि प्रधानों के सगे संबंधियों वाले सप्लायरो को भुगतान नहीं किया जाएगा। जबकि प्रधानों का कहना है कि शासनादेश के पूर्व कराए गए कार्यों का भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। प्रधानों ने कहा कि सभी गांवो के सप्लायर सगे संबंधी नहीं हो सकते किंतु सभी गांवो के यही हालात हैं। कार्य कराने के बाद भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। उक्त प्रकरण में ग्राम प्रधानों ने मुख्य विकास अधिकारी से बात करने के बाद भुगतान न होने पर ब्लॉक में तालाबंदी कर बीडीओ के खिलाफ मोर्चा खोलने का निर्णय लिया है। खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार ने भी सीडीओ से वार्ता कर आगे के भुगतान की प्रक्रिया को निश्चित करने की बात कही है। प्रधानों के समर्थन में पूर्व ब्लाक प्रमुख अव्यक्तराम मिश्र भी आ गए हैं, और प्रधानों के साथ आर-पार की लड़ाई लड़ने में उनका सहयोग करने की बात कही है।



## उपजिलाधिकारी ने महुली गौशाला का किया निरीक्षण

**गौशाला में जगह कम होने पशुओं के रहन सहन में हो रही दिक्कत पर जगह बढ़ाने के निर्देश**

**रत्योंरा।** उप जिलाधिकारी कोरांव शुभम श्रीवास्तव ने मंगलवार को महुली गौशाला का निरीक्षण किया। गौसाले में जगह कम होने पर पशुओं रहन सहन में दिक्कतें हो रही थी जिस पर ग्राम प्रधान व संबंधित जिम्मेदारों को गौशाला की जगह बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने कहा कि 3 दिन में गौसाले की जगह बढ़ा दी जाए जिससे पशुओं के रहन-सहन किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। इसी प्रकार चारा भूसा भंडारण आदि का निरीक्षण करते हुए पशुओं को शासन द्वारा निर्दिष्ट शासनादेश के तहत चारा भूसा देने का निर्देश दिया है। पशुपालकों को पशुओं के देख रेख व समय-समय पर चारा पानी देने का निर्देश देते हुए लापरवाही पर फटकार लगाई। उन्होंने कहा गौसालों में अनियमितता पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



जनता विद्यालय रुदापुर में पौधरोपण करते विधायक प्रवीण पटेल एवं अन्य।



प्रा.वि. सहसों में पौधरोपण करते ग्राम प्रधान विष्णू केसरवानी।

# स्मृति वाटिका के तहत किया गया पौधारोपण

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** पर्यावरण सुरक्षा एवं प्राणवायु के लिए स्वस्थ जीवन उपयोग शुद्ध वातावरण स्वच्छ ऑक्सीजन प्राप्त करने के लिए क्षेत्र में अधिकाधिक पौधे रोपित किए गए। इसी क्रम में स्मृति वाटिका के तहत विकासखंड सहसों के अंतर्गत चयनित ग्राम सभा रुदापुर, पाली तथा तुलापुर में वृहद पौधरोपण किया गया। ग्राम पंचायत रुदापुर मे स्मृति वाटिका वृक्षारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फूलपुर के विधायक प्रवीण पटेल, विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह ने जनता विद्यालय रुदापुर में दर्जनभर विभिन्न प्रकार के पौधे रोपित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा पर्यावरण की सुरक्षा एवं प्राण वायु के लिए सभी लोग संकल्पित होकर अधिक से अधिक पौधे लगाए। इस अवसर पर विकास खंड अधिकारी सहसों मनोज कुमार सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू , ग्राम प्रधान सुनीता यादव, अवर अभियंता गिरिजा शंकर यादव, अशोक पाल आदि लोग उपस्थित रहे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत सहसों में ग्राम प्रधान विष्णू केसरवानी ने प्राथमिक विद्यालय सहसों के परिसर में पौधा रोपण किया। उन्होंने बताया कि पूरे ग्राम पंचायत में 1000 पौधे लगाने तथा उसे बड़े होने तक संरक्षण एवं सुरक्षा करने के संकल्प के साथ पूरे ग्राम पंचायत को हरा-भरा बनाया जाएगा। ग्राम सभा के हर एक व्यक्ति को प्रेरित भी किया जा रहा है कि वह स्वच्छ वातावरण और शुद्ध ऑक्सीजन ग्रहण करने के लिए कम से कम एक वृक्ष जरूर लगाएं। इसी तरह ग्राम पंचायत थानापुर में भी ग्राम प्रधान विजयल क्ष्मी सिंह चंदेल ने पौधरोपण किया। तथा क्षेत्र में अन्य ग्रामीणों ने भी बड़े ही उत्साह के साथ अपने अपने दरवाजे, बगीचों में विभिन्न प्रकार के वृक्ष रोपित किए।

# बार अधिवक्ताओं ने तहसीलदार पर लगाए गम्भीर आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** कोरांव तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने तहसीलदार डा विशाल शर्मा के मनमानी रवैया पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अधिवक्ताओं का आरोप है कि तहसीलदार की मनमानी से क्षेत्र की जनता तथा अधिवक्ताओं मे भारी रोष व्याप्त है। अधिवक्ताओं ने कहा कि नामान्तरण वादों का समय पर निस्तारण नही किया जाता है पत्रावलियों को आवास पर ले जाकर 15-15 दिनो तक रखा जाता है जिसके कारण नामान्तरण वाद सही समय पर निस्तारित नही होते है। तहसीलदार के कार्य आचरण से असन्तुष्ट होकर अधिवक्तागण ने कोर्ट का बहिष्कार किया है। अधिवक्ताओं ने बताया कि हल्का लेखपालों द्वारा बैनामा प्राप्त करके नियत समय पर वापस नही किया जाता है जिसे नामान्तरण वादो का निस्तारण सही समय पर नही हो पाता है नामान्तरण वादो के आदेश की प्रिन्ट किसी भी हल्का लेखपाल द्वारा खतौनी पर चस्पा नही की जाती है रोस्टर के अनुसार जब खतौनी बदली जाती है तब अधिकांश आदेश छूट जाते है जिसका खमियाजा जनता को भुगतना पड़ता है। अधिवक्ताओं ने कहा कि धारा 32/38 उ०प्र०रा०संहिता के प्रार्थनापत्रों पर तहसीलदार द्वारा अनावश्यक रूप से टिप्पणी की जाती है तथा पत्रावलियों को विलम्बित करने की गरज से कहीं आर0आई0 को कही नायब तहसीलदार को भेज दी जाती है जिससे कागजात दुरूस्तगी होने मे काफी समय लगता है। वकीलों ने बताया कि विवादित पत्रावलियों के बहस सुनने के बाद नियत तिथि पर आदेश नही पारित किया जाता है और पत्रावलियों को अनावश्यक रूप से आवास पर रखा जाता है । पेशकार से पूँछने पर पेशकार द्वारा बताया जाता है कि पत्रावली साहब के पैड मे बंधी है इसके सिवाय हम कुछ नही जानते है। वहीं पर अधिवक्ताओं ने कहा कि तहसील परिसर में अराजकतत्व चारों तरफ आकर काफी क्षति पहुँचाते है । वहीं पर अधिवक्ताओं ने डीएम का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तहसीलदार विशाल शर्मा का तबादला करने की मांग की । इस मौके पर अध्यक्ष उमाकांत तिवारी एडवोकेट, शशि शेखर पांडे एडवोकेट ,अरुण कुमार त्रिपाठी एडवोकेट संतोष तिवारी एडवोकेट मनोज तिवारी एडवोकेट उमा शंकर शुक्ला एडवोकेट शशिकांत पांडे एडवोकेट अरुण कुमार मिश्रा एडवोकेट विजय कांत तिवारी एडवोकेट एडवोकेट सुनील कुमार पांडे सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।


# कार्यालय नगर पंचायत अझुवा, कौशांबी

**आवश्यक सूचना**

भारत सरकार का राज पत्र संख्या 178 नई दिल्ली शुक्रवार 18 मार्च 2016 में प्रकाशित अपशिष्ट प्लास्टिक नियम 2016 तथा भारत सरकार का राज पत्र संख्या 459 नई दिल्ली 12 अगस्त 2021 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम 2021 एवं सरकारी गजट उत्तर प्रदेश के 15 जुलाई 2018 के द्वारा जारी अधिसूचना के अनुपालन में नगर पंचायत अझुवा के सीमाअंतर्गत प्लास्टिक एवं थर्मोकोल के सामग्री के विनिर्माण ,आयात, भंडारण, वितरण बिक्री और उपयोग पर नियमानुसार प्रतिबंध लागू है ।

**(1) 75 माइक्रोन से कम मोटाई के प्लास्टिक के कैरी बैग और वस्तु 30 सितंबर, 2021 से प्रतिबंधित है ।**

**(2) 1 जुलाई, 2022 की तारीख से निम्नलिखित सामग्री प्रतिबंधित है ।**

**(अ) पोलीस्टाइरीन और विस्तारित पोलीस्टाइरीन वस्तुओं सहित निम्नलिखित एकल-प्रयोग प्लास्टिक वस्तुओं के विनिर्माण आयात, भंडारण वितरण बिक्री और उपयोग का निषेध किया जायेगा ।**

**(इ) प्लास्टिक स्टिक युक्त ईयर बडस, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की डडिया प्लास्टिक के झंडे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम की डडिया, पोलीस्टाइरीन (थर्मोकोल) की सजावट सामग्री ।**

**(उ) जो कंपोस्टिंक योग न हो ऐसी प्लास्टिक से बनी प्लेटें, कप गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रो ट्रे जैसे कटलरी,मिठाई के डिब्बों के इर्द- गिर्द लपेटने या पैक करने वाली फिल्में, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट, 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर स्ट्रीट का भी 1 जुलाई, 2022 से प्रयोग प्रतिबंधित कर दिया जाएगा । इन सामग्रियों का विनिर्माण आयात, भंडारण, वितरण विक्री और उपयोगकर्ता हुआ पाए जाने पर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध अधिसूचना के निर्धारित व्यवस्था अनुरूप वैधानिक कार्यवाही की जाएगी ।**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत, अझुवा**
**कौशांबी**

पत्रांकः 241/न0पं0अ0/2022-23 (दिनांक 05.07.2022)


# संगम क्षेत्र में छात्र नेता पर बम से हमला, मचा हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** संगम में बड़े हनुमान मंदिर के पास सोमवार रात हुई बमबाजी में तीन छात्रों समेत पांच लोग जख्मी हो गए। छात्रों के दो गुटों के बीच चल रहे विवाद में घटना को अंजाम दिया गया। सूचना पर कई थानों की फोर्स लेकर एसएसपी समेत तमाम अफसर मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि चार नामजद व छह अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है।बड़े हनुमान मंदिर के पास सोमवार रात आठ बजे के करीब नाविक संघ का कार्यालय है। यहां कुछ छात्र जन्मदिन मनाने के लिए जुटे थे। जहां इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ का पूर्व उपाध्यक्ष निर्भय द्विवेदी भी था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तभी वहां चार बाइकों पर सवार होकर कुछ युवक पहुंचे और गालीगलौज करते हुए बमबाजी शुरू कर दी।उन्होंने एक के बाद एक कई बम फेंके। जिसमें छर्रे लगने से सार्थक, ईशान उर्फ रितिक निवासी दारागंज और पास ही सो रहे भीख मांगने वाले ओमप्रकाश, मनीलाल व लल्ले जख्मी हो गए।



पुलिस अधिकारियों को घटना से अवगत कराते छात्र

इनमें ईशान के मुंह जबकि अन्य केपैरों में छर्रे लगे थे। इसके बाद हमलावर भाग निकले। इससे वहां अफरातफरी फैल गई।सूचना पर एसएसपी शैलेष पांडेय, एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह कई थानों की फोर्स लेकर मौके पर पहुंच गए। इसके बाद घायलों को एसआरएन भेजा गया। मामले में निर्भय ने तहरीर देकर चार नामजद व छह अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोप लगाया कि पिस्टल-बम से लैस नकाबपोश बदमाशों के हमले में वह अपने साथियों समेत जख्मी हो गया। मौके से भागते वक्त एक व्यक्ति पकड़ा गया जिससे पूछताछ में पता चला कि हमलावरों में विशाल सिंह चंदेल, आशुतोष ठाकुर, कार्तिक, शास्वत व अन्य थे जो निर्भय को मारने आए थे।

**लंबे समय से चल रहा है विवाद :** पुलिस की जांच पड़ताल में यह बात सामने आई है कि घटना छात्रों के दो गुटों के बीच हुए विवाद में अंजाम दी गई। इसी के चलते पूर्व में बिशप जॉनसन स्कूल के गेट पर भी बमबाजी की जा चुकी है। एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह का कहना है कि आरोपियों व घायल छात्रों में कई नाबालिग हैं। जो इंटर में पढ़ते हैं। सभी पहले साथी थे जिनमें किसी बात को लेकर विवाद होने पर अलगाव हो गया। कुछ अपराधिक तत्वों का भी नाम सामने आया है जो इन्हें भड़काकर इस तरह की घटनाएं करा रहे हैं। सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**शाम होते ही लगता है जमावड़ा :** संगम में जिस जगह पर यह घटना हुई उसके आसपास रोजाना संदिग्धों का जमघट लगता है। शाम होते ही यहां जमावड़ा शुरू हो जाता है जिनमें कई नशेड़ी भी शामिल होते हैं। स्थानीय पुलिस की लापरवाही के चलते ही वह बेरोकटोकर होकर यहां घूमते रहते हैं। यह हाल तब है जब 200 मीटर से भी कम दूरी पर संगम पुलिस चौकी स्थित है।

# हमें निःस्वार्थ भाव से पेड़-पौधों की देखभाल करनी चाहिये: प्रमुख सचिव

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रदेश सरकार द्वारा वृहद वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत शासन द्वारा नामित प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा एवं कौशल विकास मिशन उत्तर प्रदेश/नोडल अधिकारी प्रतापगढ़ सुभाष चन्द्र शर्मा ने विकास खण्ड सण्ड़वा चन्द्रिका के ग्राम पंचायत उपाध्यायपुर तालाब पर पौधरोपित कर वृहद वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की। वृहद वृक्षारोपण अभियान के दौरान विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वरूण सिंह सहित ग्राम प्रधान एवं आमजन मानस ने उपाध्यायपुर तालाब पर वृक्षारोपण किया। जिलाधिकारी ने इस दौरान ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि तालाबों पर लगाये गये वृक्षों को सुरक्षित रखें एवं समय-समय पर देखभाल करते रहे।

वृहद वृक्षारोपण अभियान के दौरान पौराणिक स्थल माँ चन्दिकन देवी धाम पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख सचिव सुभाष चन्द्र शर्मा, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीतलाल पटेल, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गुप्ता सहित ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान द्वारा आम, अमरूद, पीपल, बरगद, शीशम, नीम, जामुन आदि के वृक्ष रोपित किये गये। इस अवसर पर प्रमुख सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के निर्देशन में प्रदेश में 35 करोड़ वृक्षों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है, जिसके क्रम में जनपद प्रतापगढ़ को 47 लाख 40 हजार 552 वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके अन्तर्गत जनपद में आज 33 लाख 86 हजार 176 वृक्षारोपण का कार्य विभिन्न विभागों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हम सभी लोग वृक्षारोपण कर कुदरत के साथ जुड़ने का कार्य कर रहे है, वृहद वृक्षारोपण अभियान को जन आन्दोलन के रूप में सफल बनाने के लिये प्रदेश सरकार ने संकल्प लिया है। उन्होने कहा कि जिस तरह से हम छोटे बच्चों को पाल-पोष कर बड़ा करते है उसी प्रकार से हम निःस्वार्थ भाव से पेड़-पौधों की देखभाल करनी चाहिये और पेड़-पौधे हमारी रखवाली करते है, हमें आक्सीजन प्रदान करते है। उन्होने कहा कि वृक्ष धरती का आभूषण है व पर्यावरण सन्तुलन में सहायक है, इसलिये सभी लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिये जिससे पर्यावरण का सन्तुलन बना रहे। पर्यावरण को बेहतर बनाने में वृक्ष और पौधे मदद करते है, ये हवा को शुद्ध करते है, पानी को संरक्षित करते है, जलवायु नियंत्रण में मदद करते है, मिट्टी की शक्ति को बरकरार रखते है और कई अन्य तरीको से समग्र पर्यावरण को लाभ पहुॅचाते हैं। उन्होंने आमजनमानस से अपील करते हुये कहा कि हर व्यक्ति अपने खेत के मेड़ के किनारे एक पौध अवश्य रोपित करें। विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि जिस तरह से मनुष्य के जीवन में योग का महत्व है उसी प्रकार से मनुष्य के जीवन में वृक्षों का भी महत्व है, हम सभी लोगों की नैतिक जिम्मेदारी है कि जो भी वृक्ष रोपित करें उसकी सुरक्षा भी करें और शासन के वृक्षारोपण अभियान को सफल बनायें। विधायक विश्वनाथगंज जीतलाल पटेल ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है कि जनपदों में जलाशय बनाये जाये जिससे बारिश को पानी को इकट्ठा कर जलस्तर को बढ़ाया जा सके। पेड़-पौधें मनुष्य के जीवन में बहुत ही उपयोगी है, पेड़-पौधों से हमें औषधि प्राप्त होती है, वातावरण शुद्ध रहता है। इस अवसर पर जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कहा कि पृथ्वी पर पर्यावरण को जीवन्त बनाये रखने एवं जीवन को संजीवनी प्रदान करने के लिये वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। वृक्षारोपण से वन सम्पदा में वृद्धि होती है। वृक्ष ऑक्सीजन के उत्सर्जन के साथ ही वायुमण्डल में कार्बन डाई ऑक्साइड को नियंत्रित करते हैं। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने वृहद वृक्षारोपण अभियान के दौरान सम्मिलित हुये प्रमुख सचिव, विधायकगण, अधिकारियों/कर्मचारियों, जनप्रतिनिधिगण, ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान एवं अन्य सम्भ्रान्त लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने आमजन मानस से कहा कि सभी को एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिये व उसकी देखभाल करने का संकल्प भी लेना चाहिये। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों द्वारा माँ चन्दिकन देवी धाम में 06 महिलाओं को फलदार वृक्ष का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के उपरान्त उपस्थित अतिथियों द्वारा माँ चन्दिकन देवी धाम का दर्शन भी किया गया। उसके उपरान्त वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत प्रमुख सचिव, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पुलिस लाइन परिसर में महिला एवं पुरूष आरक्षियों के साथ वृक्षारोपण किया गया।

## वृहद वृक्षारोपण के तहत जनपद में 33 लाख 86 हजार वृक्ष रोपित किये गये



वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत पौधरोपण करते प्रमुख सचिव व डीएम

# एलआईसी ने शैक्षिक संगोष्ठी पुरस्कार वितरण का किया आयोजन

## नवनियुक्त अभिकताओं को किया गया सम्मानित



नवनियुक्त अभिकताओं को सम्मानित करते अतिथिगण।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एलआईसी यूनिट 31102 की मासिक शैक्षिक संगोष्ठी पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि दीपक चावला मुख्य प्रबंधक भारतीय जीवन बीमा निगम प्रतापगढ़, विशिष्ट अतिथि विनय मिश्रा एवं सुशील त्रिपाठी सहायक शाखा प्रबंधक रहे।

कार्यक्रम के अध्यक्ष रोशनलाल उमरवैश्य डायरेक्टर इंटरनेशनल एलायंस क्लब प्रतापगढ़ रहे। कार्यक्रम के आयोजक राजीव कुमार आर्य ने अतिथियों का स्वागत किया एवं यूनिट 31102 की प्रथम तिमाही के उपरांत नव व्यवसाय की चर्चा की तथा जारी मीट चेयर पर्सन प्रतियोगिता वर्षा बहार आदि का विस्तार से चर्चा की तथा लगभग 10 प्रतिशत अभिकताओं को उपरोक्त प्रतियोगिताओं को जीतकर यूनिट का जनपद में सम्मान बढ़ाएं। कार्यक्रम में बीमा स्कूल, बीमा ग्राम, ग्राम विकास की परिकल्पना बताई। पिछली प्रतियोगिताओं का सम्मान समारोह में ओम प्रकाश कोरी, अशोक सिंह एवं नवनियुक्त अभिकर्ता शुभम जायसवाल किरन देवी मौर्य, राकेश कुमार अंतू को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी के अध्यक्ष प्रकाश केसरवानी, श्री सुधीर केसरवानी को पगड़ी पहनाकर यूनिट में जुड़ने के लिए मुख्य प्रबंधक ने सम्मान किया। कार्यक्रम में राघव सिंह, शिव प्रकाश शुक्ला, लवलेश पुष्पाकर, सुधीर केसरवानी, प्रकाश केसरवानी, आनंद मोहन ओझा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में विकास अधिकारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिये वृक्षारोपण जरुरी: हरिप्रताप

## रानी लक्ष्मीबाई पार्क में नपा अध्यक्षा व पूर्व विधायक ने किया वृक्षारोपण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका इन दिनों शहर में पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिये वृहद रुप से वृक्षारोपण का कार्य कर रही है। मंगलवार को मीरा भवन वार्ड के आवास विकास परिसर के रानी लक्ष्मीबाई पार्क में नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह, पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह, नगर पालिका के ईओ मुदित सिंह ने वृक्षारोपण कर आज के कार्यक्रम की शुरूआत किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने कहा कि नगर पालिका का प्रयास है कि शहर का पर्यावरण शुद्ध और अच्छा हो, इसके लिये वृक्षारोपण कार्यक्रम बहुत जरुरी है। इस कार्यक्रम में नगर पालिका के आरआई लाल बहादुर सिंह व प्रशांत सिंह भी मौजूद रहे। इसी प्रकार महुली वार्ड के कूड़ा पृथक्कीकरण केन्द्र में नगर पालिका की ओर से 1200 पेड़ लगाये गये। यहां नगर पालिका के आरआई राजेश बिंद व संतोष कुमार सिंह ने वृक्षारोपण कराने की कमान संभाली थी। इसी प्रकार पूरे ईश्वरनाथ में भी नगर पालिका ने 1350 वृक्ष लगाए। इस अवसर पर नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण का कार्य नगर पालिका आगे भी करती रहेगी क्योंकि शहर के पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिये वृक्षारोपण बहुत जरुरी है।

### महुली व पूरे ईश्वरनाथ में भी लगाए 2550 पेड़



रानी लक्ष्मीबाई पार्क में वृक्षारोपण करती नगर पालिकाध्यक्षा व पूर्व विधायक

## अधिकारियों ने भी किया वृक्षारोपण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रदेश सरकार द्वारा वृहद वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत शासन द्वारा नामित प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा एवं कौशल विकास मिशन उत्तर प्रदेश/नोडल अधिकारी प्रतापगढ़ सुभाष चन्द्र शर्मा ने विकास खण्ड सण्ड़वा चन्द्रिका के ग्राम पंचायत उपाध्यायपुर तालाब पर पौधरोपित कर वृहद वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की। वृहद वृक्षारोपण अभियान के दौरान विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वरूण सिंह सहित ग्राम प्रधान एवं आमजन मानस ने उपाध्यायपुर तालाब पर वृक्षारोपण किया। जिलाधिकारी ने इस दौरान ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि तालाबों पर लगाये गये वृक्षों को सुरक्षित रखें एवं समय-समय पर देखभाल करते रहे।

# बदतर आपूर्ति से भड़के उपभोक्ता जेठवारा उपकेंद्र पर जड़ा ताला

## अधिकारी हुए नदारद, जमकर हुई नारेबाजी

अखंड भारत संदेश

**जेठवारा, प्रतापगढ़।** जेठवारा बिजली उपकेंद्र पर बिजली आपूर्ति बंद से बदतर दशा में पहुंच गई है। अधिकारियों की नजर इस ओर न जाने से उपभोक्ताओं में आक्रोश बन रहा था। मंगलवार को उपभोक्ताओं का हुजूम बिजली उपकेंद्र पर पहुंच गया और अधिकारियों के विरोध में नारेबाजी करने लगे। पता लगा कि जेई व एडीओ सब पहले ही गायब हो चले थे। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने उपकेंद्र में तालेबंदी कर अधिकारियों का इंतजार शुरू कर दिया।

बता दें कि जेठवारा बिजली उपकेंद्र को बिजली आपूर्ति करीब 30 किलोमीटर दूर कुंडा से होती है, जिसके चलते रोज ही लाइन की खराबी के चलते कई घण्टों तक आपूर्ति बाधित रहा करती है। आज हालत यह हो चली है कि जेठवारा उपकेंद्र से आपूर्ति 10 घण्टे भी नहीं मिल पा रही है। गर्मी के इस मौसम में हो रही मनमानी कटौती से उपभोक्ता आजिज आ चले हैं। सरकार भले ही ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घण्टे की आपूर्ति देने की बात कर रही है, पर यहां इस उपकेंद्र पर शासन व प्रशासन का कोई आदेश यहाँ लागू ही नहीं होता। आज जबकि गर्मी अपने शबाब पर है और धान की रोपाई का कार्य जोर शोर से चल रहा है, पर बिजली आपूर्ति की दशा पूरी तरह बेपटरी हो गयी है। लोगों का मानना है कि बीते जून के महीने में विभाग के अधिकारियों ने इस उपकेंद्र को 24 घण्टे विजली आपूर्ति देने का आदेश जारी हुआ था पर यह आदेश आते ही श्रेय लेने की होड़ सी मच गई थी पर इस आदेश के बाद भी यहाँ से उपभोक्ताओं को कभी 15 घण्टे से अधिक आपूर्ति नही मिल पा रही है अब जबकि वह आदेश समाप्त हुआ तो जुलाई का महीना आते ही फिर 10 घण्टे की भी आपूर्ति लोगो को नही मिल पा रही है। बिजली आपूर्ति सुधारने अघोषित कटौती बन्द करने की मांग को लेकर सैकड़ो उपभोक्ता धूप व गर्मी में उपकेंद्र पर जमे हुए है और अधिकारियों को उपकेंद्र पर बुलाने की जिद पर अड़े हुए है। लोगो ने इस सिलसिले में विभाग के अधीक्षण अभियंता से भी बात की तो उन्होंने कोरे आश्वस्न से सन्तुष्ट करने का प्रयास किया।पर लोगो का आक्रोश ठंडा नही पड़ा और एक्सईएन को बुलाने की जिद पर अड़े रहे।



जेठवारा उपकेन्द्र पर नारेबाजी करते उपभोक्ता।

## युवती के अपहरण में तीन के खिलाफ मुकदमा, पिता की तहरीर पर कार्रवाई

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पैसे व गहनों की लालच में युवती के अपहरण के आरोप में तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली के लंगड़ा का पुरवा अमांवा निवासी स्व. सुबराती के पुत्र मोर्हरम अली ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि पुरानी रंजिश व पैसे तथा गहनें की लालच मे बीती तीस जून को उसकी अठारह वर्षीया पुत्री नगमा बानों का गांव के मनोज कुमार, राजकुमार व पप्पू सरोज ने अपहरण कर लिया। पीड़ित की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ लालगंज कोतवाली में सोमवार की रात मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# रन फॉर यूनिटी में दौड़े आरपीएफ के जवान

## बीबीएफजी ने भी आयोजन में किया प्रतिभाग



रन फॉर यूनिटी को हरी झण्डी दिखाते अधिकारी।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** 75वें आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के मद्देनजर रेलवे सुरक्षा बल की तरफ से रन फॉर यूनिटी का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें जवानों ने तीन किलोमीटर की दौड़ लगाई। बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी भी दौड़ का हिस्सा बना।

इंस्पेक्टर सीपी मिश्रा के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम सुबह छः बजे शुरू हुआ। जिसमें आरपीएफ जवानों के अलावा रेल स्टाफ और शहरी लोगों ने भी भाग लिया। रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ जवानों का जत्था निर्मल तिराहा, भंगवा चुंगी, जोगापुर, कुसुमी होते हुए भुपियामऊ रेलवे स्टेशन गया।

वहां से लौट कर बैरक में आने का बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर इंस्पेक्टर सीपी मिश्रा ने कहा कि देश भर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त लखनऊ के निर्देश पर आरपीएफ में भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जिसमें जवानों ने भाग लिया। उन्होंने कार्यक्रम का हिस्सा बने बीबीएफजी के बच्चों और उनके टीचर की सराहना की। कहा कि बच्चे कल के भविष्य हैं।

## साइकिल सवार को बचाने में बाइक सवार युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुंडा कोतवाली क्षेत्र के माझिल गांव बाबूगंज के पास मंगलवार की सुबह साइकिल सवार युवक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित बाइक कुँए के बने चबूतरे से जोरदार टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि सतपाल पटेल निवासी जयचन्दपुर बाबागंज थाना संग्रामगढ़ अपनी अपाची बाइक (यूपी 72 बी ई 9480) से किसी काम से जा रहा था कि कोतवाली कुंडा क्षेत्र के माझिल गांव बाबूगंज के निकट अचानक साइकिल सवार के आ जाने से उसको बचाने के चक्कर मे अनियंत्रित होकर बाइक कुँए के पक्के बने चबूतरे से टकरा गई जिससे मौके पर सतपाल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस व एम्बुलेंस सतपाल को सीएससी कुंडा ले गई जहाँ चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया परिजन लोग घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े। मौके पर पहुचे परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके पीएम के लिए भेजा।

## तालाब की जमीन पर दबंग द्वारा किया जा रहा अवैध निर्माण, प्रधान ने अफसरों से लगायी गुहार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रामपुर संग्रामगढ़ विकासखण्ड के बसोय वीरभद्रपुर के ग्राम प्रधान राजकुमार यादव ने सीडीओ को भेजे गये शिकायती पत्र में कहा है कि गांव का दबंग एक भूमाफिया है। उसके द्वारा तालाब की जमीन को आबादी की बताकर अतिक्रमण व अवैध निर्माण किया जा रहा है। जबकि उक्त जमीन पर ग्राम पंचायत के द्वारा कई बार जीर्णोद्धार भी कराया जा चुका है। प्रधान के मुताबिक एडीएम व एसडीएम की ओर से तालाब की जमीन पर किया जा रहा अवैध अतिक्रमण हटाये जाने का निर्देश दिया गया लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल व कानूनगो द्वारा इस बाबत कोई कार्रवाई नही की जा सकी। जिसका फायदा उठाकर आरोपी द्वारा तालाब की जमीन पर अवैध निर्माण लगातार किया जा रहा है। ग्राम प्रधान ने अफसरों को शिकातयी पत्र देकर दबंग द्वारा किया जा रहा अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने पीएम को भेजा शव

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ढ़ाई माह पहले हादसे मे घायल हुई महिला की घर के भीतर संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सांगीपुर थाना क्षेत्र के तारापुर निवासी गीता वर्मा (31) पत्नी हुकुम वर्मा ढाई माह पहले सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। हादसे के बाद से गीता चलने फिरने में असमर्थ हो गयी और वह बिस्तर पर ही पड़ी रहती थी। मंगलवार की सुबह चार बजे पति हुकुम वर्मा उठा तो गीता की सांसे थम चुकीं थी। घटना की जानकारी पर परिजन रोने बिलखने लगे। सुबह परिजन व रिश्तेदार मृतका के शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जा रहे थे। इस बीच ग्रामीणों की सूचना पर सांगीपुर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। छानबीन के दौरान ग्रामीणों ने घटना को लेकर पुलिस के सामने संदेह जताया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना को लेकर किसी पक्ष की ओर से तहरीर नही दी गयी है। सांगीपुर एसओ ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर गयी थी। ग्रामीणों के संदेह जताने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। हालांकि शरीर पर किसी प्रकार का चोट का निशान नही है।

# चित्रकला के माध्यम से बच्चों ने जल संरक्षण व प्रबंधन का किया रेखांकन

## यूपीएस स्कूल में समाज शेखर ने बच्चों के साथ जल संरक्षण पर की चर्चा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर ने यू पी एस स्कूल कटरा गुलाब सिंह के बच्चों के साथ जल संरक्षण व प्रबंधन पर चर्चा करके उनके सवालों का समाधान किया। बच्चों ने जल संरक्षण से जुडे. विविध मुद्दों को ध्यान में रखकर उत्कृष्ठ चित्र कला प्रदर्शित किया।

इस मौके पर जल जन विकास अभियान की शुरूआत करते हुए समाज शेखर ने कहा कि बरसात में हम सब लोग जन सहयोग तथा लोक भागीदारी से अपने आसपास के जल श्रोतों की सफाई, तालाब गडही आदि में पानी जाने के रास्तों की सफाई व भू जल संरक्षण व प्रबंधन हेतु अभियान चलाकार प्रयास करते रहे हैं। स्कूल कालेजों में जागरुकता कार्यक्रम व प्रायोगिक भागीदारी के प्रयास किये जाएंगे। उन्होंने बच्चों से आहवान किया कि वह देश के भावी कर्ण धार है। ऐसे में एक जिम्मेदार नागरिक के रुप मे देश की सेवा करना हम सभी का कर्तव्य है। जल संरक्षण व प्रबंधन आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस अवसर पर खण्ड शिक्षाधिकारी मानधाता एवं जिला प्रभारी शिव बहादुर मौर्य, स्कूल प्रभारी मो0 फरहीम, वरिष्ठ शिक्षिका आशा मिश्रा सहित अन्य शिक्षक, कर्मचारी व बच्चे शामिल थे।

# नगर में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए चेयरपर्सन ने दी दस ई-रिक्शा की सौगात

## विभिन्न वार्डों में पौधरोपण कर पर्यावरण सुरक्षित रखने का नगरवासियों से किया आहवान

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के तत्वाधान में मंगलवार को वृक्षारोपण दिवस पर कई स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया। पौधरोपण कर लोगों को वातावरण स्वच्छ रखने की बात बतायी गयी। नगर पंचायत की ओर से डोर टू डोर कूड़ा इकटठा करने के लिए ई ट्रिपर कार्ड योजना के तहत स्वच्छताकर्मियों को ई-रिक्शा भी दिया गया।

चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी व प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी मंगलवार को वृक्षारोपण दिवस के मौके पर मनीपुर, गौतमपुर, निमार्णाधीन नगर पंचायत कार्यालय समेत कई स्थानों पर वृहद पौधरोपण अभियान में भाग लिया। अनीता द्विवेदी ने पौधरोपण करते हुए नगर को हरा भरा व स्वच्छ रखने में नगरवासियों से सहयोग मांगा। उन्होंने सभासदों से अपने अपने वार्डो में वृक्षारोपण अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधे लगाने का आहवान किया। इसके पश्चात चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी व प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने स्वच्छता अभियान के तहत नगर पंचायत क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए दस ई-रिक्शा स्वच्छताकर्मियों को प्रदान किया। उन्होंने ई रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर नगर में रवाना किया। ई ट्रिपर कार्ड योजना के तहत स्वच्छताकर्मी नगर क्षेत्र मे डोर टू डोर जाकर सूखा व गीला कूड़ा अलग अलग एकत्रित कर सकेंगे। चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने कहा कि नगर पंचायत को आदर्श क्षेत्र बनाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण से जहां वातावरण स्वच्छ रहेगा वहीं साफ सफाई व नगर को कूडा मुक्त बनाने से लोगों को घर घर कूड़ा एकत्रित करने जाने वाले स्वच्छताकर्मियों का सहयोग करना होगा। कार्यक्रम का संयोजन चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने किया। इस मौके पर अवर अभियंता सुभाषचंद्र शर्मा, सभासद अनिल पाण्डेय, सोनू शुक्ल, विमलेश नारायण तिवारी, संदीप गौतम, रोहित सरोज, शोभा देवी, समाजसेवी पप्पू तिवारी, छोटेलाल सरोज, मनोज तिवारी, संजय द्विवेदी, मुन्ना शुक्ल, सौरभ शास्त्री, विनय पाण्डेय, विकास तिवारी, अनिल मिश्र, रोहित मिश्र, रमेश जायसवाल, सोनू मिश्र, आनन्द सोनी आदि रहे।

## पड़ोसियों ने बोला हमला, पीड़ित के परिजनों को जमकर पीटा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के सराय लालशाह निवासी विजय बहादुर के पुत्र राजेश कुमार सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि पांच जुलाई को दोपहर साढे बारह बजे पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही सूर्यलाल, महन्त, ने अपने परिजनों व दस अज्ञात लोगों के साथ लाठी डंडे व लोहे की राड से मारापीटा। आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियां दी और घर मे घुसकर परिजनों को मारपीट कर मरणासन्न कर दिया।

## खबर संक्षेप

### बारात में लेकर आए थे बाइक चोरों ने किया पार

**कौशांबी।** चरवा थाना अंतर्गत काजू गांव बारात गए लोगो की बाइक गायब हो गयी काजू तिराहे पर अपनी बाइक पल्सर खड़ी करके पानी पीने लगे तभी चोर पल्सर बाइक उठा ले गए कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी पुरानी बाजार से अनीश कुमार पुत्र राजकुमार गौतम अपने घर से काजू रमाकांत गौतम के यहां बारात आए थे गांव के बाहर ही तिराहे पर अपनी बाइक खड़ी करके पानी पी रहे थे तभी चोर बाइक उठा ले गए घटना की सूचना थाना चरवा में दिया गया किंतु आज तक कोई जांच करने नहीं गया अनुज कुमार ने आज चरवा थाने में लिखित शिकायत पत्र दिया।

### गंदा पानी नहीं बहाने दे रहे पड़ोसी

**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के पश्चिम शरीरा थाना अंतर्गत नाग चौरी का पुरवा में खड़ंजा के बगल में सरकारी नाली मे घर का गंदा पानी पड़ोसी नहीं बहने दे रहे हैं गंदा पानी ना बहने से दिक्कतें उत्पन्न हो रही हैं मामले को लेकर पीड़ित ने एसडीएम मंझनपुर से शिकायत की है। बताते चलें कि नाग चोरी का पुरवा निवासी लालमुन पांडेय पुत्र राम अभिलाष पांडे ने एसडीएम को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके पड़ोसी पप्पू पांडे अपने घर का पानी खड़ंजा में बनी सरकारी नाली से बाहर निकाल देता है लालमन पांडे का कहना है कि जब वह अपने घर का गंदा पानी खड़ंजा के बगल में बनी सरकारी नाली से बहाने बहाता है तो उसके साथ गाली गलौज किया जाता है मारपीट की धमकी दी जाती है।

# पर्यावरण को सन्तुलित रखने के साथ ही हम लोगों को बृक्ष देते है शुद्ध हवा : राज्यमंत्री

**राज्यमंत्री ने पुलिस लाइन में किया पौधारोपण आमजन को भी अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए किया प्रेरित, मंडलायुक्त ने कहा कि पौधे, जब पेड़ के रूप में तैयार हो जांयेगे तो यह हम सब के लिए वरदान साबित होंगे**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रदेश के राज्यमंत्री कृषि, कृषि रक्षा एवं अनुसंधान बलदेव सिंह औलख ने जनपद कौशाम्बी भ्रमण कार्यक्रम के तहत पुलिस लाइन में पौधारोपण कर आमजन को भी अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया राज्यमंत्री ने 150 चयनित कृषकों को अरहर मिनीकिट का वितरण भी किया राज्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आजादी के 75वीं वर्षगॉठ को आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में मंत्रीगण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वृहद पौधारोपण का कार्य किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने वर्ष-2017 में सरकार बनने पर पूरे प्रदेश में पौधारोपण कराने का कार्य उत्सव के रूप में चलाया, जो लगातार आज भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण को सन्तुलित रखते हैं, हम सब लोगों को शुद्ध हवा देते हैं तथा अधिक वृक्षारोपण होने से वर्षा भी अधिक होगी, जिससे अधिक वर्षा होने से भूमिगत जलस्तर भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि जनपद कौशाम्बी में कुल 25 लाख


पौधे को पानी देते राज्यमंत्री

पौधारोपण किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के साथ ही पौधों का संरक्षण एवं देखभाल करना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण कराये जा रहे पौधों के संरक्षण एवं देखभाल हेतु जनपद स्तर, तहसील स्तर एवं विकास खण्ड स्तर पर एक नोडल अधिकारी नामित किया जाय। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा पौधों के संरक्षण एवं देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है आप लोग यह संकल्प लेकर जाय कि अधिक से अधिक पौधारोपण कर संरक्षण एवं देखभाल करेंगे। मण्डलायुक्त नोडल अधिकारी संजय गोयल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश में पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। जनपद कौशाम्बी में 25 लाख पौधारोपण का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जनपद में पौधारोपण जन आन्दोलन एवं जनसहभागिता के तहत किया जा रहा है तथा योजनाओं के लाभार्थियों को भी पौधारोपण हेतु पौधे दिये जा रहें हैं। उन्होंने कहा कि जनपद कौशाम्बी में अमृत वन, बाल वन, शक्तिवन एवं स्मृति वन के तहत जगह चिन्हित कर वृक्षारोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पौधों का संरक्षण करना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्हांने कहा कि मनरेगा द्वारा भी पौधारोपण कर संरक्षण का कार्य किया जायेंगा पौधे आगामी समय में जब पेड़ के रूप में तैयार हो जांयेगे तो यह हम सब के लिए वरदान साबित होंगे। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से अधिक से अधिक पौधारोपण कर संरक्षण करने की अपील किया। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद में कराये जा रहे पौधारोपण के साथ ही पौधों के संरक्षण हेतु जरूर समुचित प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक लाल बहादुर, भाजपा जिलाध्यक्षा श्रीमती अनीता त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर, जिला कृषि अधिकारी मनोज गौतम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## न्यूज झरोखा

### एसडीएम ने किया तियरा जमालपुर का दौरा



**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के एस0डी0एम0 प्रखर उत्तम का कार्य काफी समय से सराहनीय रहा है उनके द्वारा अपने पद के दायित्व का निर्वाहन सम्यक रूप से होता चला आ रहा है लोगों की माने तो मंझनपुर एसडीएम का कार्य सराहनीय होता रहता है इसी कड़ी को लेकर आज चिलचिलाती धूप में लगातार चचाओं में रहे मंझनपुर तहसील के ग्राम पंचायत तियरा जमालपुर में अचानक दौरा किया और उन्होंने ग्राम प्रधान पप्पू पासी व ग्राम पंचायत में तैनात पंचायत मित्र कमलेश कुमार एवं काफी संख्या में उपस्थित ग्राम वासियों को चारागाह के पास बुलाकर पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया उन्होंने पौधारोपण से होने वाले लाभ के बारे में भी विस्तृत जानकारी दिया जिससे लोगों ने उत्साह पूर्वक पौधा लगाने का संकल्प लिया

### सड़क हादसे में बाइक सवार तीन घायल जुर्माना अदा कर मामला हुआ रफा-दफा



**कौशांबी।** चरवा थाना अंतर्गत ग्राम बलीपुर टाटा गांव में शराब के नशे में धुत तीन बाइक सवार भैंस से टकराकर जमीन पर गिर पड़े हैं हादसे में तीनों बाइक सवार घायल हो गए हैं बाइक की जोरदार टक्कर लग जाने से एक भैंस की भी मौत हो गई है हादसे के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई है सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है दूसरे दिन थाने में पंचायत के बाद भैंस मालिक को बाइक सवारों से रकम दिला दी गई है और मामला रफा-दफा कर दिया गया है। चरवा थाना क्षेत्र के बारियावा पुलिस चौकी अंतर्गत समदा गांव के पप्पू पासी सहित तीन युवक सोमवार की शाम शराब के नशे में बाइक से कही जा रहे थे अचानक बाइक सवार भैस से टकरा गए हैं बाइक सवारों की टक्कर इतनी जोरदार थी कि घटनास्थल पर भैंस की मौत हो गई है बलीपुर टाटा गांव के पंछी लाल पासी पुत्र प्रभु पासी की भैस बताई जाती है हादसे में तीनों बाइक सवारों को चोटें आई हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है दुर्घटना के बाद मंगलवार को बड़ी देर तक थाने में पंचायत चली है बाइक चालक पप्पू पासी को 27 हजार भैस की कीमत अदा करनी पड़ी है कीमत देने के बाद मामला रफा-दफा हो गया है दुर्घटना का मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है जबकि बताया जाता है कि बाइक चालक के पास वाहन के अभिलेख और लाइसेंस नहीं थे।

### भवन्स मेहता विद्याश्रम में छात्रों द्वारा विज्ञान प्रोजेक्ट मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन



**भरवारी कौशाम्बी।** भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी स्कूल में छात्रों ने ग्रीष्मकालीन अवकाश असाइनमेंट के रूप में एक प्रदर्शनी साइंसपोरियम आधारित परियोजना का आयोजन किया। जिसमें कक्षा छठवीं से लेकर आठवीं तक के छात्रों ने कालेज स्थित मेहता ऑडिटोरियम में अपने प्रोजेक्ट आइडिया को प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य बच्चों के कलात्मक क्रियाओं के बारे में सोच का पता लगाना और समाधान खोजने के प्रति प्रोत्साहित करना,उनकी प्रतिभा को उजागर करना, जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता विकसित करना व रचनात्मक तथा क्रियात्मक सोच को बढ़ावा देना था। मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय श्रीवास्तव वरिष्ठ शिक्षक अनिल कुमार मिश्रा,वरिष्ठ खेल शिक्षक सुधाकर सिंह व अन्य शिक्षकों ने छात्रों के द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट को बारीकी से देखा व ढेर सारे प्रश्नों को पूछा तथा बच्चों को सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रदर्शनी में छात्रों के लगभग 30 मॉडल प्रदर्शित किए गए। छात्रों ने पर्यावरण के अनुकूल सामग्री का उपयोग करके अपने रचनात्मक और नवीकरण का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षक उपस्थित थे। इस प्रदर्शनी में शिक्षक सुशील कुमार श्रीवास्तव विवेक केशरवानी व श्रीमती सीता यादव की महत्वपूर्ण भूमिका थी प्रधानाचार्य ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम करने का सुझाव दिया।

### मारपीट कर दो बच्चों को कमरे में किया बंद

**कौशांबी।** चरवा थाना अंतर्गत बाबा तारा गांव के राम भवन पुत्र राजाराम मंगलवार को किसी काम से घर गांव के बाहर गए थे राम भवन के दो बच्चे स्कूल गए थे स्कूल से घर वापस आए दोपहर में हाथ पैर धुलने के लिए सरकारी हैंडपंप पर जा रहे थे तभी गांव के ही रवि कुमार रामचंद्र दोनों बच्चों को अपने घर में बंद कर दिया और मारपीट किया था घटना जब पिता को पता चली तो राममोहन मौके पर आया तब बच्चों को छोड़ दिया बच्चों ने अपने पिता को देख करके रोते हुए आपबीती बताया रामभवन अपने बच्चों सहित थाने पहुंचे घटना की सूचना दिया थानाध्यक्ष का कहना है कि प्रार्थना पत्र मिला है जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

# विद्युत करंट की चपेट में आने से दंपत्ति की मौत

**माता पिता की मौत की जानकारी मिलते ही छोटे-छोटे तीनों बच्चे करने लगे बिलाप**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेनशाह आलमाबाद गांव के माजरा सैबसा में विद्युत करंट की चपेट में आने से दंपति की मौत हो गई है दंपति की मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया है मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची स्थानीय थाना पुलिस ने मृतक दंपति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दंपति की मौत के बाद उनके तीन बच्चे रो-रोकर बेहाल है। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेनशाह आलमाबाद गांव के माजरा सैबसा निवासी कमल सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र गऊकरण सिंह मंगलवार की सुबह चारा मशीन में पशुओं के लिए चारा काटने के लिए जैसे ही मशीन को पकड़ा उन्हें विद्युत का तेज झटका लगा पति को तड़पते देख उनकी पत्नी शोभा देवी उम्र लगभग 35 वर्ष


दंपत्ति की मौत के बाद घटनास्थल पर लगी भीड़

कमल सिंह को बचाने के लिए पहुंची जिस पर कमल के साथ उनकी पत्नी शोभा देवी भी विद्युत करंट की चपेट में आ गई पति पत्नी दोनों की मौके पर तड़प-तड़प कर मौत हो गई जैसे ही दंपति की मौत हुई उनके छोटे-छोटे दो बेटे और एक बेटी घर से बाहर निकाल आए है माता पिता की मौत की जानकारी मिलते ही छोटे-छोटे तीनों बच्चे विलाप करने लगे होहल्ला सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे विद्युत करंट से दंपति की मौत की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को लगी लोग अवाक रह गए मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने दंपत्ति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चलें कि गऊ करण सिंह के शिवमंगल सिंह और कमल सिंह 2 पुत्र थे शिवमंगल सिंह की पहले ही मौत हो चुकी है और कमल सिंह भी विद्युत करंट की चपेट से आने में काल के गाल में समा गया है गऊकरण सिंह की भी पहले मौत हो चुकी है परिवार में बच्चों की देख भाल के लिए कोई नहीं बचा है जिससे बच्चों का हाल बेहाल है।

### नीम के पेड़ से टच हुई विद्युत तार हादसे का अंदेशा

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के रामाधीन के पुरवा गांव में एक नीम के पेड़ से बिजली की तार टच हो गई है जिससे नीम की पेड़ में करंट रहता है मामले की शिकायत पावर हाउस पश्चिम सरीरा से ग्रामीणों ने कई बार किया ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी पेड़ से विद्युत तार को दूर नहीं किया गया है विद्युत तार छू जाने के बाद पेड़ में करंट रहता है जिससे कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है ग्रामीणों ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पेड़ से तार दूर किए जाने की मांग की है।


भैस की मौत के बाद मौके पर एकत्रित भीड़

### विद्युत करंट की चपेट में आने से तीन भैंसों की मौत

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** कोखराज थाना के अंतर्गत सकाढा उपरहार में विधुत करंट की चपेट में आने से तीन भैंसों की मौत हो गई है विद्युत करंट से तीन भैंसों की मौत के बाद एक बार फिर विद्युत विभाग के अधिकारियों की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है 3 किसानों की 3 भैंस की अचानक मौत हो जाने से किसानों के सामने मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है तीन भैंसों की मौत के बाद भी घटनास्थल पर विद्युत अधिकारी नहीं पहुंचे हैं इससे इनकी लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के सकाढा निवासी बाके सरोज किसन सरोज राजेन्द्र सरोज की भैस जंगल की ओर हरी घास चरने गई थी सोमवार की शाम तीनों किसानों के तीन भैस वापस गांव लौट रही थी रास्ते में विद्युत तार के करंट की चपेट में तीनो भैस आ गई है जिससे तीनों भैंसों की विद्युत करंट से मौत हो गई है 3 किसानों की एक साथ तीन भैंसों की मौत के बाद किसानों के सामने दुख का पहाड़ टूट पड़ा है विद्युत सप्लाई चालू थी और विद्युत तार टूट कर गिर गई जिससे भैंस की मौत हुई है इस मामले में एक बार फिर विद्युत विभाग के अधिकारियों की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है।


डॉ अरुण पटेल को माल्यार्पण कर विदा करते कर्मचारी

### व्यक्तित्व के धनी डॉक्टर अरुण पटेल का भावुकता पूर्ण किया गया विदाई समारोह

**कल्याणपुर कौशांबी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंझनपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी एवम डिप्टी सीएमओ डॉक्टर अरुण कुमार पटेल का स्थानांतरण गैर जनपद चित्रकूट में होने के बाद 5 जुलाई को स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बड़े ही भावुकता से उनकी बिदाई किया डॉक्टर अरुण कुमार पटेल समस्त स्टाफ को अपने परिवार की तरह समझते रहे।इसी कारण आज अपने अधिकारी के बिदाई समारोह में स्वास्थ्य कर्मी काफी भावुक होते देखे गए। अपने कार्यकाल के दौरान डॉ अरुण कुमार पटेल ने कभी भी किसी स्टाफ को किसी भी प्रकार की दिक्कत नही होने दिया अपने कार्य काल में सभी अधिकारी कर्मचारी को वह हमेशा खुश रखते थे।डॉक्टर अरुण कुमार पटेल ने अपने संबोधन में समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को समय से कार्य करना,अपने कार्य के प्रति लापरवाही तनिक भी नही करने की सलाह देते हुए सभी को भविष्य में खुश रहने की शुभकामनाएं दी।बिदाई समारोह के मौके पर सभी संवर्ग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मण्डलायुक्त ने कलेक्ट्रेट परिसर, पुलिस लाइन एवं स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया पौधारोपण


पौधरोपण करते कमिश्नर

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मण्डलायुक्त नोडल अधिकारी संजय गोयल जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने वातावरण को स्वच्छ एवं सुन्दर तथा पर्यावरण संतुलन बनाये रखने हेतु कलेक्ट्रेट परिसर, पुलिस लाइन एवं स्पोर्ट्स स्टेडियम में पौधारोपण किया मण्डलायुक्त ने स्पोर्ट्स स्टेडियम में पौधारोपण के पश्चात उपस्थित खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद कौशाम्बी में खिलाड़ियां को अच्छी से अच्छी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है, जिससे वे खेल में बेहतर से बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि स्टेडियम की आधारभूत संरचनाओं को मेन्टेन किया गया है, इसी प्रकार मेन्टेन किया जाता रहें, पौधारोपण का कार्य भी इसी दिशा में और एक कदम है। उन्होंने खिलाड़ियों से भी अधिक से अधिक पौधारोपण कर संरक्षण करने तथा आमजन को भी पौधारोपण के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया।

### डायट परिसर में वृक्षारोपण कर दिया हरियाली का संदेश

**कौशाम्बी।** वृक्षारोपण दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर के डायट मैदान में उपशिक्षा निदेशक प्राचार्य अनिल कुमार द्वारा वृक्षारोपण कर माँ पृथ्वी को हरा भरा बनाये रखने हेतु अभिनव प्रयास किया गया।



वृक्ष लगाकर उन्होंने परिसर में मौजूद समस्त प्रशिक्षुओं, प्रवक्ताओं व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए आव्हान किया कि सभी लोग एक एक पौधा अवश्य लगाएं, तथा जैसे अपने नौनिहाल की देखभाल करते हैं ठीक उसी प्रकार उस पौधे की भी देखभाल करे। डायट प्रवक्ता कौशलेंद्र मिश्र ने वृक्ष की महत्ता पर विस्तृत चर्चा करते हुए धरती को स्वर्ग बनाने हेतु पौधरोपण अधिक से अधिक किये जाने पर विशेष बल देते हुए कहा कि एक वृक्ष सौ पुत्र के बराबर होता है। इसलिए हमें अपने जीवन मे वृक्ष अवश्य लगाने चाहिए। जिससे हम धरती माँ के अनन्य सेवक बन सकें। आज के पौधरोपण अभियान में संस्थान की वरिष्ठ प्रवक्ता भारती त्रिपाठी, विपुल सागर, रिफत मलिक,अनिरुद्ध कुमार व समस्त प्रवक्ता एवं कर्मचारी व प्रशिक्षुओं ने एक एक वृक्ष लगाने का दृढ़ संकल्प लिया।

# डीएम एसपी ने बकरीद कॉवड़ यात्रा सावन मेला के दृष्टिगत की धर्मगुरुओं के साथ बैठक

**सोशल मीडिया पर भड़काउ पोस्ट एवं अशान्ति फैलाने वालों के विरूद्ध की जाएगी कार्यवाही**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा द्वारा उदयन सभागार में ईदुज्जुहा बकरीद कॉवड़ यात्रा सावन मेला में कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु सभी उप जिलाधिकारियों व क्षेत्राधिकारियों सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों तथा सम्भ्रान्त नागरिकों धर्मगुरूओं के साथ पीस कमेटी की बैठक की गयी बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों क्षेत्राधिकारियों एवं थानाध्यक्षों से ईदुज्जुहा बकरीद कॉवड़ यात्रा सावन मेला में कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अब तक की गयी तैयारियों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि त्यौहारों पर विशेष सतर्कता बरती जाय तथा सम्वेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी की जाय जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाये उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में विशेष


बैठक में उपस्थित आम जनमानस धर्मगुरु

अभियान चलकार नालियों की साफ-सफाई कराने तथा टूटी नालियों की मरम्मत कराने के निर्देश दिये उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को गॉवों की नालियों की विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई कराने एवं एंण्टीलार्वा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने के भी निर्देश दिये उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को बिजली व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने तथा चिकित्साधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी की जा रही हैं। उन्होंनें कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काउ पोस्ट एवं अशान्ति फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेंगी उन्होंने कहा कि अगर कोई सामूहिक कार्यक्रम किया जाय तो उसकी अनुमति जरूर प्राप्त कर लिया जाय तथा जनपद में कोई भी असामाजिक कार्य न होने पाये उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि जनपद में आपसी सौहार्द एवं भाईचारा बनाये रखा जाय उन्होंने कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति कोई समस्या है तो उन्हें तत्काल अवगत करायें अवश्य निराकरण किया जायेगा बैठक में उपस्थित सम्भ्रान्त नागरिको धर्मगुरूओं ने कहा कि ईदुज्जुहा बकरीद कॉवड़ यात्रा सावन मेला को आपसी सौहार्द्र के साथ मनाया जायेगा तथा जनपद में कोई अप्रिय घटना नहीं होने दी जायेंगी इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सिंह सभी उप जिलाधिकारीगण व क्षेत्राधिकारीगण एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा सम्भ्रान्त नागरिकगण एवं धर्मगुरू उपस्थित रहें।

# धर्मा देवी कॉलेज में मेधावी सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार में मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हाईस्कूल एवं इण्टर मीडिएट बोर्ड परीक्षा 2022 में जिले की टॉप 10 सूची में हाईस्कूल के 5 और इंटरमीडिएट के 4 छात्रों को सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय की गृहपरीक्षा में कक्षा में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालें छात्र/छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विजय गुप्ता प्रतिनिधि केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति जूबिन इरानी ने अपने कर कमलों से छात्रों को पुरस्कृत किया। साथ ही हाईस्कूल हिन्दी विषय मे 100 अंक प्राप्त करने वाले 2 छात्र तथा गृहविज्ञान में 100 अंक प्राप्त


छात्रों को सम्मानित करते शिक्षक

करने वाली 1 छात्रा एवं मो.हसनैन को संस्कृत में 98 अंक और साक्षी को गृहविज्ञान में 100 अंक प्राप्त करने पर उनकी वर्ष भर की शुल्क वहन करने की मुख्य अतिथि महोदय ने घोषणा की। इस अवसर पर चन्द्र मोहन शुक्ल अधिवक्ता ,ए. के राय रामकृष्ण त्रिपाठी और विद्यालय के प्रबंधक रामसुभग त्रिपाठी विद्यालय के संस्थापक रामावतार त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।पुरस्कार पाने वाले छात्र/छात्राओं के अभिभावक भी भारी संख्या में उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रामकिरण त्रिपाठी ने आये हुये अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## संपादक की कलम से

# देश में शराब, मांस बंद हो जाए तो अभी 50% तकलीफ दूर और व्यवस्था सही हो जाय

आजकल लोगों में बढ़ते क्रोध, बीमारियों, तकलीफों, टेंशन, अपराध की प्रवृत्ति, आर्थिक समस्या आदि के कारण व उनको दूर करने के उपाय बताने वाले, देश की व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने का तरीका बताने वाले, सभी जीवों का कल्याण चाहने वाले, प्रभु पर लोगों का विश्वास दुबारा जगाने वाले इस समय के पूरे समर्थ सन्त सतगुरु दुःखहर्ता त्रिकालदर्शी परम दयालु उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने 22 जून 2022 को रुद्रपुर, उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) में दिए व अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि अभी तक आपकी वजह से जो जीवों की हत्या हुई

अब से वह न हो। कैसे हत्या होती है? जो आप मांस, मछली, अंडा खाते हो तो जीवों की हत्या होती है। जो मांस को लाता पकाता खाता खिलाता है उसको भी पाप लगता है। पाप से बचो, जीव हत्या से आप बचो।

मांस खाना छोड़ दोगे तो जीव हत्या हो जाएगी बंद*


आप मांस खाना छोड़ोगे तो बकरा काटने, मुर्गी अंडा बेचने वालों की दुकानें बंद हो जाएंगी। जो दुकान वाले हो आप कहोगे कि हम क्या करेंगे, हम तो भूखे मर जाएंगे। भूखे नहीं मरोगे। विश्वास करो उस मालिक पर जो पैदा होने के पहले मां के स्तन में दूध भर देता है, देता खिलाता वह है। उसको याद करो वह आपको देगा।

अजगर करे न चाकरी, पंछी करे न काम।
दास मलूका कह गए, सबके दाता राम।।

सबको मालिक देता है। हमारे कहने पर जिन्होंने मांस मछली, अंडा, शराब की दुकानें बंद कर दिया, दूसरा धंधा शुरू किया, बता रहे हैं पहले से बहुत बढ़िया चल रहा है, बड़ी शांति सुकून महसूस हो रहा है। जीव हत्या से पाप लगता है, इसका फल भोगना पड़ता है।

# डॉ. मुखर्जी राष्ट्रवाद के सच्चे महानायक

-ललित गर्ग-



भारतीय इतिहास में ऐसे अनेक चैतन्य महापुरुषों ने देश की माटी को प्रणम्य बनाने एवं कालखंड को अमरता प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन्हीं कीर्तिवान महान पुरुषों में भारत केसरी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का नाम सश्रद्धा एवं गर्व से लिया जाता है। भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 में कलकत्ता में हुआ था। वे बैरिस्टर और शिक्षाविद थे तो कुशल समाज-राष्ट्र निमार्ता भी थे। उन्होंने पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में उद्योग और आपूर्ति मंत्री के रूप में कार्य किया। हालांकि, नेहरू-लियाकत समझौते के विरोध में मुखर्जी ने नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मदद से उन्होंने 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना की। 1980 में यही भारतीय जनता पार्टी बन गई। वे भारत को एक हिन्दू राष्ट्र एवं स्व-संस्कृति के अनुरूप विकसित होते हुए देखना चाहते थे। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिये उन्होंने राजनीति में प्रवेश किया। सचमुच! वह कर्मयोद्धा कर्म करते-करते कृतकाम हो गया।

अपने पिता सर आशुतोष मुखर्जी का अनुसरण करते हुए डॉ. मुखर्जी ने भी अल्पायु में ही विद्याध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलताएँ अर्जित कर ली थीं। 33 वर्ष की अल्पायु में वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बने। इस पद पर नियुक्ति पाने वाले वे सबसे कम आयु के कुलपति थे। एक विचारक, चिन्तक तथा प्रखर शिक्षाविद् के रूप में उनकी उपलब्धि तथा ख्याति निरन्तर आगे बढ़ती गयी। डॉ॰ मुखर्जी ने स्वेच्छा से अलख जगाने के उद्देश्य से राजनीति में प्रवेश किया। डॉ॰ मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक, सच्चे राष्ट्रभक्त और सिद्धान्तवादी थे। उन्होंने बहुत से गैर कांग्रेसी हिन्दुओं की मदद से कृषक प्रजा पार्टी से मिलकर प्रगतिशील गठबन्धन का निर्माण किया। इस सरकार में वे वित्तमन्त्री बने। इसी समय वे सावरकर के राष्ट्रवाद के प्रति आकर्षित हुए और हिन्दू महासभा में सम्मिलित हुए। उनका मानना था कि जो राष्ट्र अपनी संस्कृति को भुला देता है, वह राष्ट्र वास्तव में जीवित एवं जागृत राष्ट्र नहीं हो सकता। मुस्लिम लीग की राजनीति से न केवल बंगाल बल्कि समूचे देश का वातावरण दूषित हो रहा था। वहाँ साम्प्रदायिक विभाजन की नौबत आ रही थी। साम्प्रदायिक लोगों को ब्रिटिश सरकार प्रोत्साहित कर रही थी। ऐसी विषम परिस्थितियों में उन्होंने यह सुनिश्चित करने का बीड़ा उठाया कि बंगाल के हिन्दुओं की उपेक्षा न हो। अपनी विशिष्ट रणनीति से उन्होंने बंगाल के विभाजन के मुस्लिम लीग के प्रयासों को पूरी तरह से नाकाम कर दिया। 1942 में ब्रिटिश सरकार ने विभिन्न राजनैतिक दलों के छोटे-बड़े सभी नेताओं को जेलों में डाल दिया।

डॉ॰ मुखर्जी इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं। इसलिए धर्म के आधार पर वे विभाजन के कट्टर विरोधी थे। वे मानते थे कि विभाजन सम्बन्धी उत्पन्न हुई परिस्थिति ऐतिहासिक और सामाजिक कारणों से थी। वे मानते थे कि आधारभूत सत्य यह है कि हम सब एक हैं। हममें कोई अन्तर नहीं है। हम सब एक ही रक्त के हैं। एक ही भाषा, एक ही संस्कृति और एक ही हमारी विरासत है। परन्तु उनके इन विचारों को अन्य राजनैतिक दल के तत्कालीन नेताओं ने अन्यथा रूप से प्रचारित-प्रसारित किया। बावजूद इसके लोगों के दिलों में उनके प्रति अथाह प्यार और समर्थन बढ़ता गया। अगस्त, 1946 में मुस्लिम लीग ने जंग की राह पकड़ ली और कलकत्ता में भयंकर बर्बरतापूर्वक अमानवीय मारकाट हुई। उस समय कांग्रेस का नेतृत्व सामूहिक रूप से आतंकित था।

भारत का जब पहला मंत्रिमंडल पंडित जवाहरलाल नेहरू के प्रधानमंत्री के नेतृत्व गठित हुआ तब महात्मा गाँधी और सरदार पटेल के अनुरोध पर डॉ. मुखर्जी पहले मन्त्रिमण्डल में शामिल हुए और उन्हें उद्योग से जुड़े महत्वपूर्ण विभाग का जिम्मेदार पद सौंपा गया। संविधान सभा तथा प्रान्तीय संसद के सदस्य और केन्द्रीय मन्त्री होने के नाते राजनीति जीवन में उन्होंने अपना विशिष्ट स्थान बना लिया। लेकिन उनके राष्ट्रवादी चिन्तन के कारण अन्य नेताओं के साथ हमेशा मतभेद रहा। वे हमेशा राष्ट्रीय हितों की प्रतिबद्धता को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता देते रहे। इन्हीं मतभेदों के कारण उन्होंने अपना त्याग पत्र मन्त्रिमण्डल को दे दिया और उन्होंने एक नयी पार्टी का गठन किया और वह विरोधी पक्ष के रूप में सबसे बडा दल था। 21 अक्तूबर 1951 को एक सम्मेलन में जनसंघ की स्थापना हुई और इसी दिन भारतीय जनसंघ का उद्भव हुआ, जिसके संस्थापक अध्यक्ष, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी बने।

डॉ॰ मुखर्जी भले स्वल्प समय के लिये उद्योग मंत्री रहे। लेकिन भारत के प्रथम उद्योग मंत्री के रूप में उन्होंने कई महत्वपूर्ण पहल की एवं सूझबूझ भरे कदम उठाये। इनमें रेल इंजन बनाने के मामले में विदेशी निर्भरता खत्म करने की दृष्टि से चितरजन लोकोमोटिव कारखाने का निर्माण सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। उनके प्रयत्नों से भारतीय रेलवे में एक नया अध्याय जोड़ा गया था। भारतीय रेलवे रेल इंजन निर्माण और रखरखाव में आत्मनिर्भर हो गया। डॉ. मुखर्जी के ह्यसपनों की परियोजनाह्ण न केवल भारत में, बल्कि विदेशों में भी इंजन बनाने में सिद्धहस्त और नामदार साबित हुई। भारत कई सदियों से मुगलों व ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के अधीन था। सदियों की परतंत्रता के कारण चतुर्दिक ह्यविकास की अवहेलनाह्ण हुई थी। भारतीय उद्योग-धंधों के शिथिल पड़ चुके आधारभूत ढांचे को उन्होंने नवऊर्जा दी।

# अग्निपथ योजना का विरोध बेरोजगारी संकट का सूचक है

-प्रियंका 'सौरभ'

**अग्निपथ** योजना के खिलाफ सबसे अधिक विरोध बिहार, उत्तर जैसे राज्यों में शुरू हुआ और तेजी से उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में फैल गया। यहां अच्छी नौकरियां नहीं पैदा हो रही हैं। खराब कार्य अनुबंधों की अंतर्निहित समस्या, तदर्थ संविदाकरण और कार्यबल में विसंघीकरण ने सुरक्षित नौकरियों की गुणवत्ता को कम कर दिया है और इसके कारण बेरोजगारी तेजी से बढ़ी है।

अग्निपथ योजना को देश में मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। सरकार ने तीनों में सैनिकों की भर्ती के लिए अपनी नई योजना का अनावरण किया। नई अग्निपथ योजना के तहत सेना, नौसेना और वायु सेना में लगभग 45,000 से 50,000 सैनिकों की सालाना भर्ती की जाएगी और इनमे सेअधिकांश सिर्फ चार साल में सेवा छोड़ देंगे; स्थायी कमीशन के तहत कुल वार्षिक भर्तियों में से केवल 25 प्रतिशत को ही जारी रखने की अनुमति दी जाएगी।

बेरोजगारी आज भारत में चिंताजनक चिंता का कारण बनता जा रही है; बेरोजगारी एक ऐसी स्थिति है जिसमें व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से मौजूदा मजदूरी दर पर दोनों काम करने में सक्षम होता है, लेकिन नौकरी नहीं मिलती। देश में बेरोजगारी दर अप्रैल में 7.60 . से बढ़कर 7.83 प्रतिशत हो गई। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर, रघुराम राजन, हाल ही में भारतीय रेलवे में 90,000 निम्न-श्रेणी की नौकरियों के लिए आवेदन करने वाले 25 मिलियन युवाओं को संदर्भित किया और बताया

### बेरोजगारी आज भारत में चिंताजनक चिंता का कारण बनता जा रही है; बेरोजगारी एक ऐसी स्थिति है जिसमें व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से मौजूदा मजदूरी दर पर दोनों काम करने में सक्षम होता है, लेकिन नौकरी नहीं मिलती

कि रेलवे इस बात का सबूत है कि उच्च विकास ने पर्याप्त रोजगार पैदा नहीं किया है।

देश में उपलब्ध नौकरियों के बीच बेमेल होने से उत्पन्न बेरोजगारी में बाजार और बाजार में उपलब्ध श्रमिकों का कौशल प्रमुख है। भारत में बहुत से लोगों को आवश्यक कौशल और खराब शिक्षा स्तर के कारण नौकरी नहीं मिलती है। उन्हें, प्रशिक्षित करना मुश्किल हो जाता है। पाठ्यक्रम ज्यादातर सिद्धांतोन्मुखी है और व्यावसायिक प्रदान करने में विफल रहता है। वर्तमान आर्थिक परिवेश के साथ तालमेल बिठाने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता है। जब कुशल मानव संसाधन का उत्पादन करने की बात आती है तो डिग्री-उन्मुख प्रणाली विफल हो जाती है।

कृषि का 51% रोजगार में योगदान है लेकिन यह क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद का मात्र 12-13% योगदान देता है। इस घाटे के पीछे सबसे बड़ा योगदान प्रच्छन्न बेरोजगारी की समस्या है। कई शिक्षित युवा जॉब प्रोफाइल के कारण सरकारी नौकरियों के पीछे भागते हैं और सरकारी नौकरियों की तैयारी करने वाले छात्रों के कारण कई लोग बेरोजगार रह जाते हैं।

आज हमें अग्निपथ और अन्य सरकारी नौकरियों के अलावा सहयोगात्मक कदमों की आवश्यकता है। बेरोजगारी के मुद्दे से निपटने के लिए सकारात्मक कदम उठाए जाने चाहिए। विनिर्माण क्षेत्र के लिए तेजी से औद्योगीकरण की आवश्यकता है ताकि श्रम बलों को कृषि से स्थानांतरित किया जा सके। शिक्षा केंद्रों पर पाठ्यक्रम में बदलाव किया जाना चाहिए ताकि सीखने और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित किया जा सके।

स्वरोजगार को सरकारी सहायता आदि से देयता मुक्त ऋणों की सहायता से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, मूल व्यावसायिक विचारों को विकसित करने के लिए इनक्यूबेशन केंद्रों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है जो आर्थिक रूप से व्यवहार्य होगा। सरकार के साथ-साथ सहयोग और पूंजी निवेश के लिए व्यापारिक घरानों को और अधिक विदेशी आमंत्रित करने की कोशिश करनी चाहिए ताकि रोजगार के अवसर बढ़ सकें। श्रम प्रधान विनिर्माण क्षेत्र जैसे खाद्य प्रसंस्करण, चमड़ा और रोजगार सृजित करने के लिए फुटवियर को बढ़ावा देने की जरूरत है।

बेरोजगारी से निपटने के लिए बहु-आयामी और बहु-क्षेत्रीय दृष्टिकोण की रणनीति अपनाया जाना की आवश्यकता है ताकि जनसांख्यिकीय लाभांश का दोहन किया जा सके। कौशल विकास के माध्यम से मानव पूंजी को बढ़ाना और उत्पादक उद्यमों में प्रमुख निवेशक बनने के लिए निजी क्षेत्र का समर्थन करने का लक्ष्य होना चाहिए ताकि औपचारिक और अनौपचारिक क्षेत्रों में सभी नागरिकों के लिए पर्याप्त संख्या में अच्छी गुणवत्ता वाली नौकरियां पैदा हो सकें।

# महंगाई उच्चतम सीमा पर

**संजीव ठाकुर**

**भारत में** पिछले दो वर्षों में महंगाई चरम पर पहुंच गई है' भारत की जनसंख्या के मद्देनजर लगभग 135 करोड़ लोगों के लिए आवश्यक वस्तुओं के दाम पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं। आपको यह बता दें कि आवश्यक वस्तुओं में चावल, दाल, गेहूं, केरोसिन, गैस, पेट्रोल, डीजल और अन्य रोजमर्रा की चीजें समाहित है ।आवश्यक वस्तुओं के मूल्य केरोसिन,गैस और पेट्रोल ,डीजल को छोड़कर अन्य चीजों कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कोई भी अत्यंत प्रभावी नियंत्रक कानून प्रचलन में नहीं है और जो वर्तमान में प्रचलित धाराएं हैं वह बढ़ती कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पर्याप्त ना होकर काफी लचीली है। आवश्यक वस्तु अधिनियम को भी परिमार्जित करने की आवश्यकता प्रतीत होती है। यदि वर्तमान जैसा परिदृश्य लगातार चलता रहा तो महंगाई बेलगाम हो जाएगी और तमाम आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आम आदमी की पहुंच से बाहर होकर अनियंत्रित हो जाएगी' इसी लिए केंद्र को चाहिए इस संदर्भ में विचार मनन कर अत्यंत ही समीचीन कानूनों में परिवर्तन कर महंगाई और बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण लाने का प्रयास करें ' पिछले दो-तीन वर्षों में भारत में आवश्यक वस्तुओं से लेकर पेट्रोल, डीजल तथा अन्य सामग्रियों में कीमतें लगभग डेढ़ गुना हो गई है। भारत में महंगाई का स्तर अभूतपूर्व तरीके से अचानक उच्चतम सीमा से ऊपर हो गया है। मध्यम वर्ग तथा गरीब तबके का व्यक्ति इस महंगाई की आग में सबसे ज्यादा झुलस रहा है। आमदनी उतनी की उतनी ही है और महंगाई चरम सीमा पर है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ हिंदुस्तान में ही महंगाई का परचम भयानक तौर पर लहरा रहा है। पेट्रोल ,डीजल, गैस के दाम तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रूड आयल के दाम बढ़ने से बढ़ते हैं, फिर अलग अलग राज्य सरकारें उस पर कर लगाकर दाम बढ़ाने का काम करती है पर मूल रूप से वैश्विक स्तर पर महंगाई करोना के भयानक संक्रमण और रूस यूक्रेन युद्ध की भयानक विभीषिका की परिणति ही है। रूस के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों ने तो महंगाई में आग ही लगा के रख दी है। रूस अब किसी भी कीमत पर यूरोपीय देशों तथा अन्य पश्चिमी देशों को पेट्रोल डीजल गैस देने की मनः स्थिति में नहीं है, उस पर रूस पर यूरोपीय तथा ने1टो देशों का प्रतिबंध भी महंगाई का बड़ा कारण है। रूस का अमानवीय तरीके से यूक्रेन पर आक्रमण और लगभग एक करोड़ यूक्रेन के नागरिक अन्य देशों में शरणार्थी बनकर रहने के कारण ही यूरोप में महंगाई बहुत बढ़ गई है। भारत के परिपेक्ष में महंगाई अब चरम सीमा पर है आम आदमी का जीना मुश्किल दर मुश्किल होता जा रहा है। पाकिस्तान, बांग्लादेश के अलावा श्रीलंका में तो महंगाई ने सरकार का तख्ता ही पलट दिया है।

पाकिस्तान में भी सत्ता परिवर्तन का कारण महंगाई तथा बेरोजगारी ही रही है। रूस यूक्रेन युद्ध के इतने महीने बाद भी अमानवीय क्रूर विभीषिका थमने का नाम नहीं ले रही है। यूक्रेन के करोड़ों लोग बेघरबार हो गए हैं। यूक्रेन की अरबों रुपए की संपत्ति युद्ध की भेंट चढ़ चुकी है, यूक्रेन में नागरिकों का कोहराम मचा हुआ है।

ऐसे समय में संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियों गुतारेस की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से शांति बहाल हेतु शांति वार्ता मानवता के लिए सर्वाधिक सकारात्मक एवं अहम पहल है।

अब रूस, यूक्रेन युद्ध भयानक तथा क्रूरतम रूप ले चुका है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पूरी तरह अपनी सनक में आकर यूक्रेन को बबार्दी के अंतिम छोर पर पहुंचाना चाह रहे हैं। ऐसा नहीं है कि सिर्फ अड़ियल रवैया रूस ही दिखा रहा है बल्कि यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेन्सकी भी ना जाने किस घमंड और गुमान पर अड़े हुए हैं, उन्हें अपने देश के एक करोड़ से ज्यादा विस्थापित नागरिक दिखाई नहीं दे रहे हैं एवं हजारों निर्दोष नागरिकों के साथ सैनिकों की मृत्यु तथा शव भी उन्हें युद्ध रोकने के लिए बाध्य नहीं कर पा रहें है। वैसे यह तो तय है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन की आड़ में अमेरिका तथा नाटो देशों के सदस्यों को यह बताना चाह रहे हैं कि रूस अभी भी उतना ही शक्तिशाली है जितना वह उस 1990 में विघटन के पूर्व था। रूस यूक्रेन युद्ध के 50 दिन पूरे हो चुके हैं और यूक्रेन के हौसले अभी भी बुलंद दिखाई दे रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय न्यूज एजेंसियों के अनुसार कीव ,मारियोपोल, बूचा, लोहानस्क,डोनेट्स आदि शहर नर संहार के भयानक केंद्र बन चुके हैं। न्यूज एजेंसी के अनुसार यूक्रेन के मूल हथियार जो उसके पास पूर्व में थे सारे नष्ट हो चुके हैं, तमाम हवाई अड्डे नेस्तनाबूद कर दिए गए हैं, अब स्थिति यह है कि फ्रांस, इजराइल, कनाडा,न्यूजीलैंड, अमेरिका, ब्रिटेन, पोलैंड से आए हुए जहाज, टैंक और मशीन गनों के सहारे ही यूक्रेन में वर्तमान का युद्ध लडा जा रहा है। यूक्रेन के लगभग 20 से 25 हजार सैनिक और नागरिक मारे जाने की एजेंसियों द्वारा पुष्टि की गई है। और कीव ,बूचा, मारियोपोल मैं रूसी सैनिकों के साथ उनके कई सेना के अधिकारियों की मौत की भी पुष्टि की गई है। यूक्रेन के सरकारी प्रवक्ता ने बताया रूस के लगभग 15हजार सैनिक इस युद्ध में हलाक हुए हैं।

# अब तो इस बर्बर मानसिकता पर कठोर नियंत्रण हो

**ललित**



**उदयपुर** में एक दर्जी की हत्या का मामला अभी शांत भी नहीं पड़ा था कि महाराष्ट्र से भी ऐसी ही दिल दहला देने वाली घटना उजागर हुई है। उजागर इसलिये कि इसे लूटपाट की साधारण घटना मानकर रफा-दफा कर दिया था। लेकिन उदयपुर की घटना के कारण इसकी जांच नये सिरे से हुई तो पता लगा कि पिछले महीने की इक्कीस तारीख को अमरावती में एक दवा विक्रेता की गला रेत कर हत्या इसलिये कर दी गयी कि उसने भी भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा के समर्थन में सोशल मीडिया पर टिप्पणी की थी। प्रश्न है कि यह कैसी विकृत मानसिकता है जो बर्बर एवं क्रूरता की सारी सीमाओं को लांघ रही है। यह कैसी राजनीतिक मानसिकता है जो गलत को गलत नहीं कह पा रही है। यह कैसी धार्मिकता एवं साम्प्रदायिकता है जो समाधान के लिए कदम उठाने में भय महसूस करती हैं। यह कैसी सत्ता की लालसा है जो सत्ता से विमुख हो जाने से डरी हुई है। पर यदि दायित्व से विमुख हुए तो देश का नागरिक युद्ध की ओर बढ़ सकता है एवं देश की एकता एवं आपसी सौहार्द खण्डित हो सकता है। लोकतंत्र में नरसंहार, बर्बरता और क्रूरता जैसे उपाय किसी भी समस्या का समाधान नहीं कर सकते। इस मौलिक सत्य व सिद्धांत की जानकारी से आज के राजनैतिक दल एवं साम्प्रदायिक संगठन अनभिज्ञ है। उदयपुर एवं अमरावती की घटनाओं से जुड़ी तालिबानी मानसिकता इस देश को तोड़ने की साजिश है। यह कट्टर सांप्रदायिकता ही नहीं, बल्कि विक्षिप्त मानसिकता है, जो ऐसी हिंसा में यकीन रखती है, उसे बल देती है। ऐसी ही हिंसा से आज अफगानिस्तान कराह रहा है। पडोसी देश पाकिस्तान से पोषित इस बर्बरता से नुकसान किसको है? साम्प्रदायिक आग्रहों ने, हिन्दुस्तान को मुस्लिम राष्ट्र बनाने की तथाकथित मानसिकता ने, सत्ता के मोह ने, वोट के मोह ने शायद इन कट्टरवादियों एवं सत्तालोलुपों के विवेक का अपहरण कर लिया है।

अल्पसंख्यकों के मसीहा और धर्मनिरपेक्षता के पक्षधर का मुखौटा लगाने वाले आज जनविश्वास का हनन ही नहीं, जनता का ही हनन-हत्या करने लगे हैं। जनादेश की परिभाषा अपनी सुविधानुसार करने लगे हैं। जो भी लोग या संगठन ऐसे कट्टर आतंकी तैयार करने में प्रत्यक्ष या परोक्ष भूमिका निभा रहे हैं, उन पर कड़ाई से शिकंजा कसना होगा।

# साम्प्रदायिक उन्माद व नफरत की भेंट चढ़ते इंसान व इंसानियत

**दीपक कुमार त्यागी**

**विश्व** के कई देशों में आज भी धर्म के नाम पर बड़े पैमाने पर इंसान व इंसानियत की हत्या करके रक्तपात करवाने का कार्य धर्म के तथाकथित अधर्मी ठेकेदारों के द्वारा बेखौफ होकर अंजाम दिया रहा है, इन देशों की धरती वहां के निर्दोष लोगों के रक्त से आयेदिन लहूलुहान होकर लाल हो रही है, इन देशों में तड़प-तड़प कर इंसान व इंसानियत आयेदिन दम तोड़ रही है, हालात यह हो गये हैं कि दुनिया के ताकतवर देश भी अब तमाशबीन बनकर चुपचाप इन देशों की बबार्दी का तमाशा देखने में व्यस्त हैं, कोई भी देश आज इन देशों में धर्म के नाम पर हो रही अधर्म की इस जंग में उनकी मदद करने के लिए तैयार नहीं हैं। हमारा पड़ोसी देश अफगानिस्तान इसका दुनिया में आज एक सबसे बड़ा उदाहरण बन गया है। लेकिन इस भयावह हालात से भी कुछ लोग अभी भी सबक लेने के लिए तैयार नहीं हैं, अब भी वह धर्म के नाम पर अधर्म को संरक्षण देने का कार्य बेखौफ होकर निरंतर कर रहे हैं। जबकि अफगानिस्तान जैसे देशों में धर्म के नाम पर अधर्म की घटित घटनाओं को पूरी दुनिया देख रही और यह घटनाएं पूरी मानव जाति के लिए एक बेहद कड़वा सबक हैं, पूरी दुनिया को अफगानिस्तान के हालात से यह संदेश मिलता है कि धार्मिक कट्टरवाद के नाम पर देश में फैलाएं जाने वाला किसी भी प्रकार का धार्मिक उन्माद व सांप्रदायिक वैमनस्य एक दिन खुद वहां के लोगों और राष्ट्रों को नफरत की जहरीली आग में जलाकर समूल नष्ट करने की क्षमता रखता है। लेकिन फिर भी कुछ लोग आज हमारे देश में भी धर्म के नाम पर अधर्म की इस तेजी से फैलने वाली आग को भड़काने में बेहद व्यस्त हैं, फिलहाल तो देश की सुरक्षा एजेंसियां उन पर लगाम लगाने में ना जाने क्यों नाकाम हैं। जबकि भारत में भी धर्म के नाम पर नफरत फैलाने वाले लोगों के तरह-तरह के षड्यंत्रों के चलते देश के कुछ भूभागों में धार्मिक उन्माद व साम्प्रदायिक घृणा आज अपना सिर आयेदिन उठाने लगी है। वैसे देखा जाये तो देश में मजहब के नाम पर नफरत की तिजारत करके अपनी दुकान चलाने वाले इंसानियत के दुश्मन चंद देशद्रोही व राक्षसी प्रवृत्ति के लोग आजकल बहुत खुश हो रहे होंगे, क्योंकि अब उन लोगों ने देशवासियों के एक बहुत बड़े वर्ग के बीच में अपनी नफरती जड़ों को जमाने का कार्य आखिरकार धरातल पर कर ही लिया है, जिस तरह से लोगों के बीच में नफरत के यह चंद सौदागर आपसी प्यार, मोहब्बत, भाईचारे व विश्वास को कमजोर करने में सफल रहे हैं, वह देश व समाज के लिए बेहद विचारणीय है और बिल्कुल भी उचित नहीं है। आज यह चंद देशद्रोही व राक्षसी प्रवृत्ति के लोग अपने जहरीले नफरती मंसूबों को पूरा करने के लिए कहीं ना कहीं देश के भाईचारे, अमन चैन, एकता-अखंडता को नुकसान पहुंचाने के लिए आम जनमानस के लोगों की धार्मिक भावनाओं को सबसे बड़ा हथियार बनाकर, उन लोगों के ही अनमोल जीवन से खिलवाड़ करने का कार्य कर रहे हैं। देश के यह चंद गद्दार लोग धर्म के नाम पर आयेदिन बात का बतंगड़ बनाकर हंगामा बरपाकर देश की अमन चैन व शांति को भंग करके अब देश में नफरत से परिपूर्ण अपनी बोई फसल काटने में बेहद व्यस्त हैं। आज देश में इन जहरीले नफरती लोगों के नापाक मंसूबों को पूरा करने के चलते ही आयेदिन इंसान व इंसानियत मर रही है या फिर शर्मसार हो रही है। वैसे देखा जाये तो इन नफरती देशद्रोही लोगों के अंदर अपने छिपे हुए देश विरोधी एजेंडे व नफरती मंसूबों को पूरा करने के लिए लोगों को धर्म के नाम पर बरगलाकर उकसाने की जिद निरंतर बनी रहती है। यह चंद देशद्रोही लोग चाहते हैं कि देश अब मजहबी किताबों से चले, ना कि देश नियम-कायदे-कानून व संविधान से चले, हालांकि भारत में आम जनमानस की सजगता व सरकार की सख्त कार्यप्रणाली से इन चंद देशद्रोही व अधर्मी लोगों के यह देशद्रोही मंसूबे कभी पूर्ण नहीं होंगे और हमारा प्यारा देश नियम-कायदे-कानून व संविधान से यूं ही लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा करते हुए आदिकाल तक चलता रहेगा। आज देश में हमारी सरकार व सिस्टम के साथ-साथ सभी देशभक्त देशवासियों को भी हर पल सजग रहने की जरूरत है, क्योंकि यह चंद लोग देश में अपनी अधर्मी काली करतूतों को मजहब की आड़ लेकर निरंतर चला रहे हैं, देश में मिलजुलकर और बेहद शांतिप्रिय ढंग से रहने वाले आम जनमानस के बीच यह लोग अब धीरे-धीरे नफरत के जहरीले बीज बोकर खाई चौड़ी करने के अपने जहरीले मकसद में लगे हुए हैं, हालांकि पिछले कुछ वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों में घटित कुछ घटनाओं को देखें तो लगता है कि यह देशद्रोही लोग अज्ञानता व धर्मांधता के चलते अपने जहरीले मंसूबों में सफल भी रहे हैं। हाल के दिनों में इसका सबसे बड़ा उदाहरण राजस्थान के उदयपुर में घटित एक दर्जी की बेहद बर्बरतापूर्ण ढंग से हत्या कर देना है, यह एक घटना देश में धर्म के नाम पर पल रही बेहद अधर्मी तालिबानी नफरती सोच का हाल के दिनों में सबसे बड़ा उदाहरण है। हमारे सभ्य समाज, सरकार व सिस्टम के सामने आज भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो उसकी बड़ी चुनौती खड़ी है।

आज हमारे देश में नफरती जहरीली सोच रखने वाले इन चंद देशद्रोही लोग का किसी धर्म विशेष व धर्म के लोगों का विरोध करने के एजेंडे के पीछे की असलियत यह है कि यह लोग हमारे प्यारे देश भारत को दुनिया में इक्कीसवीं सदी का आधुनिक शक्तिशाली भारत बनने देने से रोकना चाहते हैं। जिस नापाक उद्देश्य को यह चंद देशद्रोही लोग धर्म के नाम पर लोगों को बरगलाकर देश का माहौल खराब करके जल्द से जल्द पूरा करना चाहते हैं। हालांकि देश के सभी देशभक्त देशवासियों को पूरी उम्मीद है कि भारत सरकार इन देशद्रोही लोगों के देश विरोधी नापाक मंसूबों को कभी पूरा नहीं होने देगी, वह इन लोगों को सख्त से सख्त सजा देते हुए देश की एकता, अखंडता व भाईचारे को बरकरार रखते हुए, देश को विकास के पथ पर तेज गति के साथ अग्रसर रखने का कार्य निरंतर व निर्बाध रूप से जारी रखने का कार्य करेगी।"*

वैसे तो दुनिया के किसी भी देश में मजहब के नाम पर नफरती सोच को पालना-पोसना उस देश व उसके सभ्य समाज के लिए ही एक दिन सबसे बड़ा खतरा बन जाता है। आज मजहबी उन्माद की आग में जल रहे सीरिया, इराक, ईरान, पाकिस्तान, अफगानिस्तान आदि जैसे देश दुनिया के सामने इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं?। लेकिन फिर भी दुनिया के बहुत सारे देशों की तरह आज विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हमारे प्यारे देश भारत में भी धर्म के नाम पर ऐसी जहरीली नफरती सोच को गुपचुप ढंग से।

# विदेश संदेश

## पाकिस्तानी सेना प्रमुख बाजवा का फरमान- राजनीति से दूर रहें ISI और सैन्य अधिकारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने ISI समेत अपने कमांडरों और अधिकारियों को राजनीति से दूर रहने का नया निर्देश जारी किया है। मीडिया में आई एक खबर में यह बात कही गई। खबर में कहा गया कि बाजवा का निर्देश



अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली पार्टी के नेताओं के इन आरोपों के बाद आया है कि देश की खुफिया एजेंसी पंजाब में आगामी उपचुनाव में ''हेरफेर'' करने की कोशिश कर रही है। पाकिस्तानी सेना ने पहले कहा था कि उसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है और वह भविष्य में भी गैर-राजनीतिक ही रहेगी।

द न्यूज अखबार ने कहा कि सेना प्रमुख जनरल बाजवा ने अपने सभी कमांडरों और प्रमुख अधिकारियों को राजनीति से दूर रहने तथा राजनीतिक नेताओं के साथ बातचीत से बचने के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। खबर में कहा गया है कि ये निर्देश इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सैन्य प्रतिष्ठान के खिलाफ दुष्प्रचार के मद्देनजर दिए गए हैं, जिसमें ढ्रस्द्ध के कुछ अधिकारियों पर आरोप लगाया गया है कि वे पार्टी को नुकसान पहुंचाने के लिए पंजाब में आगामी उपचुनाव में हेरफेर करने की कोशिश कर रहे हैं।रक्षा सूत्रों का कहना है कि ढ्रस्द्ध सेक्टर कमांडर-लाहौर, ब्रिगेडियर राशिद, जिन्हें पीटीआई नेताओं द्वारा बदनाम किया जा रहा है, इस्लामाबाद में अपने कुछ पेशेवर काम की वजह से एक पखवाड़े से अधिक समय से लाहौर में नहीं हैं। पीटीआई नेता और पंजाब की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री यास्मीन राशिद ने हाल ही में सेक्टर कमांडर का नाम लिया था और उन पर पंजाब में उपचुनाव में हेरफेर करने के लिए राजनीति में शामिल होने का आरोप लगाया था। पंजाब विधानसभा की 20 रिक्त सीटों पर 17 जुलाई को उपचुनाव होगा।

## चीन ने कनाडाई उद्योगपति के खिलाफ मुकद्दमें में शामिल होने की नहीं दी अनुमति

**बीजिंग।** चीन के अधिकारियों ने कनाडा के राजनयिकों को पांच साल पहले हांगकांग से गायब हुए एक चीनी मूल के कनाडाई उद्योगपति के खिलाफ चलाए जा रहे मुकदमे में शामिल होने की




अनुमति देने से इनकार कर दिया है। कनाडा की सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। शियाओ जियान्हुआ को आखिरी बार जनवरी 2017 में हांगकांग के एक होटल में देखा गया था और माना जाता है कि उन्हें चीन के अधिकारियों द्वारा चीन ले जाया गया था। हालांकि, सरकार ने कभी इस बात की पुष्टि नहीं की कि उन्हें हिरासत में लिया गया था या उन पर क्या आरोप लगाए गए हैं। कनाडा की सरकार ने कहा कि पहले शियाओ पर सुनवाई होनी थी, लेकिन इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई कि सुनवाई हुई या कहां हुई। उन पर लगे आरोपों की भी कोई जानकारी नहीं दी गई। कनाडा की सरकार ने एक बयान में कहा, '' कनाडा ने सुनवाई में शामिल होने के लिए कई अनुरोध किए। चीनी अधिकारियों ने हमें सुनवाई में शामिल होने की अनुमति नहीं दी।'

## सिंगापुर के राष्ट्रपति, संसद अध्यक्ष और मंत्री कोरोना वायरस से संक्रमित

**सिंगापुर।** सिंगापुर की राष्ट्रपति हलीमा याकूब, संसद के अध्यक्ष तान चुआन-जिन और मंत्री एडविन टोंग कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। हलीमा (67) ने सोमवार को एक फेसबुक पोस्ट में कहा, ''हल्के फ्लू जैसे लक्षण हैं। अभी-अभी जांच में कोविड-19 की पुष्टि हुई है। शुक्र है, मैंने टीके की सभी खुराक और बूस्टर डोज लिए थे। मैं जल्द ही ठीक होने की उम्मीद करती हूं और मुझे खेद है कि इस सप्ताह के कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो पाऊंगी।

# ड्रग एडिक्ट हैं इमरान खान : मंत्री बोले- कोकीन के बगैर वो 2 घंटे नहीं रह सकते, हमें मालूम है उनके घर नशा कौन पहुंचाता है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सबसे बड़े प्रांत पंजाब के होम मिनिस्टर अता तराड़ ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। तरार ने कहा- इमरान खान शुरू से ड्रग एडिक्ट रहे हैं। सरकार जानती है कि उनके आलीशान घर बनीगाला तक ड्रग्स कौन पहुंचाता है। चरस और कोकीन के बिना तो इमरान 2 घंटे नहीं रह सकते।

ये पहली बार नहीं है जब इमरान पर ड्रग एडिक्ट होने के आरोप लगे हों। 2020 में इमरान के करीबी दोस्त और पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज सरफराज नवाज ने खुलेआम टीवी पर यही आरोप लगाए थे। बाद में इमरान की दूसरी तलाकशुदा पत्नी रेहम ने भी खान को नशे का आदी बताया था।

**खान को गिरफ्तार नहीं करना चाहते**

लाहौर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अता ने कहा- ड्रग्स लेने के आरोप में हम इमरान को किसी भी वक्त गिरफ्तार कर सकते हैं, लेकिन ये करना नहीं चाहते। वो जेल में बिना नशा किए कैसे रह पाएंगे। हमें पता है कि सैकड़ों एकड़ में फैले उनके आलीशान घर बनीगाला तक ड्रग्स कौन पहुंचाता है। हम उनकी लत के बारे में बात क्यों नहीं करते। चरस वो तब से इस्तेमाल कर रहे हैं, जब वो क्रिकेटर थे। इमरान जेल इसलिए नहीं जाना चाहते, क्योंकि वो जानते हैं कि हम उन्हें जेल में कोकीन नहीं देंगे। फिलहाल, तो हम उनके अरबों रुपए के करप्शन की जांच कर रहे हैं। सरफराज नवाज के साथ इमरान खान। एक वक्त दोनों पाकिस्तान की फास्ट बॉलिंग संभालते थे। सरफराज को कई जानकार रिवर्स स्विंग का जनक मानते हैं। सरफराज नवाज के साथ इमरान खान। एक वक्त दोनों पाकिस्तान की फास्ट बॉलिंग संभालते थे। सरफराज को कई



जानकार रिवर्स स्विंग का जनक मानते हैं। (फाइल)

**बुशरा और फराह को नहीं छोड़ेंगे**

अता के साथ इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में लॉ मिनिस्टर मलिक मोहम्मद अहमद खान भी मौजूद थे। मलिक ने कहा- इमरान की पत्नी बुशरा बीबी और उनकी फरार हो चुकी दोस्त फराह खान ने अरबों रुपए का करप्शन किया। 60 करोड़ रुपए की जमीन 8 करोड़ में खरीद ली गई, वो भी उस इलाके में जहां जमीन खरीदी ही नहीं जा सकती। इसकी जांच चल रही है।

मलिक ने कहा- अगर बुशरा घरेलू महिला थीं तो अब उनका सियासी ऑडियो वायरल क्यों हो रहा है। उसमें वो हमारे जैसे तमाम नेताओं को गद्दार करार दे रही हैं। जब इमरान का करप्शन सामने आने लगे, सरकार गिरने वाली थी, तब उन्होंने विदेशी साजिश का नाटक रचना शुरू कर दिया।

**इमरान की नशाखोरी के दो गवाह**

**सरफराज नवाज** :पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज और इमरान की करीबी दोस्त रह चुके हैं। कई लोग उन्हें रिवर्स स्विंग का जनक भी मानते हैं। 2020 में सरफराज ने टीवी इंटरव्यू में कहा था- 1987 में इमरान अच्छी बॉलिंग नहीं कर पा रहे थे। एक दिन इमरान, सलीम मलिक, मोहसिन खान और अब्दुल कादिर मेरे घर आए। इमरान ने वहां कोकीन ली। वो बहुत पहले से ड्रग्स लेता आया है। इसमें कोई नई बात नहीं है।

**रेहम खान:** इमरान खान की दूसरी पत्नी थीं। BBC में एंकर रह चुकी हैं। इमरान से शादी एक साल भी नहीं चली थी।

रेहम ने अपनी किताब में इमरान को साफ तौर पर ड्रग एडिक्ट और समलैंगिक बताया था। खास बात यह है कि रेहम का तो इमरान कुछ नहीं बिगाड़ सके, लेकिन टीवी शो में रेहम की किताब का जिक्र करने वाले पत्रकारों को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी थी।

## श्रीलंका में बिगड़े हालात:लोग बच्चों को दोपहर 12 बजे तक सुला रहे, ताकि नाश्ता न देना पड़े; 5 गुना दाम पर बिक रहा पेट्रोल

**कोलंबो।** श्रीलंका में पिछले 12 हफ्ते से सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी हैं। महंगाई, बेरोजगारी और ईंधन की बेहद कमी से लोग त्रस्त हैं। कोलंबो के ऑटो रिक्शा चालक थुशान परेरा ने करीब 5 हफ्ते से अपने तीन बच्चों को दोनों टाइम पूरा खाना नहीं खिलाया है। उनका परिवार बिस्किट के एक पैकेट पर निर्भर है, जिसकी कीमत 130 श्रीलंकाई रुपए (भारतीय मुद्रा में 30 रु.) पहुंच गई है।

परेरा बताते हैं कि हम कोशिश करते हैं कि हमारे बच्चे दोपहर के 12 बजे तक सोते रहें, ताकि उन्हें सुबह का नाश्ता न कराना पड़े। दो दिन कतार में खड़े रहने पर 5 लीटर पेट्रोल मिलता है। सरकार पल्ला झाड़ चुकी है कि 22 जुलाई तक फ्यूल नहीं आएगा। 103 रुपए लीटर वाला पेट्रोल ब्लैक में 550 रुपए में बिक रहा है।

श्रीलंका की 2.2 करोड़ की आबादी में परेरा जैसे कई लोग हैं जिनमें सरकार के खिलाफ बेहद रोष है। शिक्षण संस्थान बंद हैं। कई-कई घंटों तक बिजली कटौती रहती है। इससे पहले भारत से




कर्ज के तौर पर मिले करीब 6 हजार करोड़ रुपए भी अब खत्म हो चुके हैं। श्रीलंका ने मिडिल ईस्ट से लेकर रूस से मदद की गुहार लगाई है।

**पेट्रोल पंप की सुरक्षा सेना के हवाले, जगह-जगह झड़पें**

इस हफ्ते 1990 सुवा सिरिया, एक इमरजेंसी एम्बुलेंस सेवा, जिसे भारत ने दान में दिया था, वो भी ठप पड़ गई है। यानी आपातकालीन सेवाएं भी उपलब्ध नहीं है। सरकार के खिलाफ विद्रोह हर दिन बीतने के साथ बढ़ रहा है। ऑटो रिक्शा चालक अरुणा अल्विस बताते हैं कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के घर को हम तब तक घेर कर रखेंगे, जब तक कि इस परिस्थिति में सुधार न हो जाए।

लोगों में हताशा है। आम लोगों की रोज पुलिस, आर्मी और एयरफोर्स के साथ झड़पें हो रही हैं, क्योंकि यहीं पेट्रोल पंप की निगरानी कर रहे हैं। समाज में उग्रता अप्रत्याशित तौर पर बढ़ी है, जो दंगों के रूप में उभर जाती है। स्कूल-कॉलेज, अस्पताल बंद पड़े हैं। लिहाजा युवक घर पर अपने परिवार को बेबस जूझते हुए देखने पर मजबूर हैं।

सबसे ज्यादा बेशर्मी हमें नेताओं में देखने को मिल रही है कि जो जनता के लिए कभी कुछ करते तो नहीं हैं, लेकिन उनके लिए ईंधन और भोजन आसानी से उपलब्ध कराया जा रहा है। दूसरी तरफ, आम लोगों को दो-दो दिन तक लगातार दिन-रात कतारों में खड़े होकर अपने हिस्से की जरूरी चीजों का इंतजाम कर रहे हैं। जन आंदोलन से ही हालात सुधर सकते हैं।

## चीन में क्रेन डूबने से 27 लापता लोगों में से 12 के शव बरामद

**बीजिंग।** चीन में 12 शव बरामद किए गए जो उन लोगों के माने जा रहे हैं जिन्हें तैरती क्रेन के डूबने के बाद से लापता बताया जा रहा था। प्रांतीय समुद्री तलाशी एवं बचाव केंद्र ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह क्रेन चीन के ग्वांगडोंग प्रांत के अपतटीय क्षेत्र में डूब गई थी। अपतटीय पवन-खेत परियोजना की तैरती क्रेन को निगरानी प्रणाली के माध्यम से खतरे में पाया गया था, क्योंकि इसकी मूरिंग चेन टूट गई थी। बाद में क्रेन हांगकांग से लगभग 300 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में डूब गई, जिससे 27 लोग लापता



हो गए।चालक दल के तीन सदस्यों को शनिवार को बचा लिया गया। हांगकांग से मिली खबरों में कहा गया है कि लापता चालक दल के सदस्यों की तलाश कर रहे बचाव दल ने चौथे व्यक्ति को बचाया। बचाव केंद्र ने कहा कि 12 शव उस जगह से लगभग 50 समुद्री मील दक्षिण पश्चिम में बरामद किए गए, जहां तैरती क्रेन डूब गई थी। शव उस क्षेत्र से लगभग 90 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में पाए गए, जहां जहाज फुजिंग 001 डूबा था।अधिकारी शवों की शिनाख्त करने का प्रयास कर रहे हैं। चालक दल के बाकी सदस्यों की तलाश जारी है। सरकारी समाचार एजेंसी की खबर के अनुसार शेष लापता लोगों की तलाश के लिए कुल सात विमानों, 246 जहाजों और मछली पकड़ने वाली 498 नौकाओं को लगाया गया है। साल के तीसरे तूफान 'चाबा' ने शनिवार को ग्वांगडोंग के माओमिंग शहर के तटीय इलाके में दस्तक दी। वर्ष के चौथे चक्रवाती तूफान ऐरे के सप्ताहांत पूर्वी चीन सागर के पास पहुंचने का अनुमान है।

## विवादित द्वीप में घुसपैठ कर रहे चीन और रूस के युद्धपोत, जापान ने जताया कड़ा विरोध

**टोक्यो:** जापान ने विवादित पूर्वी चीन सागर में अपने जलक्षेत्र के बिल्कुल निकट चीन और रूस के युद्धपोत दिखाई देने के बाद कड़ा विरोध प्रकट किया है। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सेनकाकू द्वीप के पास जापानी जलक्षेत्र के बिल्कुल निकट 'विवादित क्षेत्र' में सोमवार सुबह कई मिनट तक चीन के युद्धपोत को देखा गया। सेनकाकू द्वीप पर चीन भी अपना दावा जताता है और इसे दियाओयू कहता है। मंत्रालय ने कहा कि पहले सागर में रूसी युद्धपोत देखा गया, जिसके 40 मिनट बाद चीनी युद्धपोत की मौजूदगी की पुष्टि हुई। हालांकि, तत्काल यह स्पष्ट नहीं हो



पाया है कि इलाके में चीनी-रूसी सैन्य गतिविधि का क्या उद्देश्य था। जापान के रक्षा अधिकारियों ने कहा कि हो सकता है कि तूफान से बचने के लिए पोत वहां आए हों। उप मुख्य कैबिनेट सचिव सेजी किहारा ने कहा कि जापान ने घटना को लेकर चीन के समक्ष 'कड़ी आपत्ति' दर्ज कराई है। किहारा ने कहा, 'सेनकाकू द्वीप ऐतिहासिक रूप से और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत जापान के क्षेत्र का एक अंतर्निहित हिस्सा है।

सरकार जापानी भूमि, जलक्षेत्र और वायु क्षेत्र की रक्षा के लिए इस मामले से शांतिपूर्वक लेकिन दृढ़ तरीके से निपटेगी।' उन्होंने कहा कि जलक्षेत्र का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। वहीं, बीजिंग में चीन ने युद्धपोत के प्रवेश को जायज ठहराते हुए जापान के विरोध की आलोचना की। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा कि यह द्वीप चीन का क्षेत्र है। उन्होंने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'सागर में चीनी पोतों की गतिविधियां कानूनी और जायज हैं। जापान को ऐसे गैर-जिम्मेदाराना बयान देने का कोई अधिकार नहीं है।'

## चीन ने कनाडाई उद्योगपति के खिलाफ मुकद्दमें में शामिल होने की नहीं दी अनुमति

**बीजिंग।** चीन के अधिकारियों ने कनाडा के राजनयिकों को पांच साल पहले हांगकांग से गायब हुए एक चीनी मूल के कनाडाई उद्योगपति के खिलाफ चलाए जा रहे मुकदमे में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। कनाडा की सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। शियाओ जियान्हुआ को आखिरी बार जनवरी 2017 में हांगकांग के एक होटल में देखा गया था और माना जाता है कि उन्हें चीन के अधिकारियों द्वारा चीन ले जाया गया था। हालांकि, सरकार ने कभी इस बात की पुष्टि नहीं की कि उन्हें हिरासत में लिया गया था या उन पर क्या आरोप लगाए गए हैं। कनाडा की सरकार ने कहा कि पहले शियाओ पर सोमवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई कि सुनवाई हुई या कहां हुई। उन पर लगे आरोपों की भी कोई जानकारी नहीं दी गई। कनाडा की सरकार ने एक बयान में कहा, '' कनाडा ने सुनवाई में शामिल होने के लिए कई अनुरोध किए।

# नेपाल के रामेछाप में भीषण सड़क दुर्घटना, नौ की मौत, 30 घायल

**काठमांडू।** नेपाल के रामेछाप जिले से काठमांडू जा रही यात्री बस भीषण दुर्घटना का शिकार हो गयी। दुर्घटना में 09 लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। 30 अन्य लोग घायल हो गए हैं। दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टर एंबुलेंस का सहारा लेना पड़ रहा है।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह नेपाल के रामेछाप जिले से काठमांडू के लिए रवाना हुई यात्रियों से भरी बस लुभूघाट क्षेत्र में सुनापती ग्राम पंचायत क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। बस अचानक पलटी और जंगलों के बीच खड्डे में जा गिरी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बस कई बार पलटती हुई नीचे गिरी।

रामेछाप जिले के पुलिस उपाधीक्षक राजकुमार ठिंग ने बताया कि 09 लोगों की मृत्यु मौके पर ही हो गयी। दुर्घटनास्थल पर पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के राहतकर्मियों को भेजा गया, किन्तु बस इतने गहरे खाईनुमा खड्डे में गिरी है कि वहां से घायलों को निकालने में खासी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दुर्घटना में 30 लोग घायल हुए हैं। पुलिस उपाधीक्षक राजकुमार ठिंग के मुताबिक 22 घायलों को धुलीखेल अस्पताल पहुंचाया जा चुका है। शेष घायलों को निकालने के लिए हेलीकॉप्टर एंबुलेंस का सहारा लिया जा रहा है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
211019 से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

# स्वीडन व फिनलैंड को नाटो सदस्यता के लिए तीस देशों की हरी झंडी

**ब्रसेल्स।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के तीस सदस्य देशों ने स्वीडन व फिनलैंड को नाटो की सदस्यता के लिए हरी झंडी दिखा दी है। मंगलवार को इन देशों ने नाटो में स्वीडन व फिनलैंड की स्वीकार्यता संबंधी परिग्रहण मसौदे (एक्सेशन प्रोटोकॉल) पर हस्ताक्षर किए। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद नाटो देशों के समीकरण बदले हैं। इसी बीच स्वीडन और फिनलैंड ने नाटो का सदस्य बनने के लिए औपचारिक आवेदन किया था। रूस की चेतावनी के बावजूद आए इन आवेदनों पर तेजी से विचार हुआ। मंगलवार को नाटो



मुख्यालय में नाटो से जुड़े तीस देशों के राजदूतों ने फिनलैंड के विदेश मंत्री पेक्का हाविस्टो और स्वीडन की विदेश मंत्री एन लिंडे की उपस्थिति में फिनलैंड और स्वीडन के लिए एक्सेशन प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए। पिछले सप्ताह मैड्रिड शिखर सम्मेलन में नाटो के मित्र देशों के नेताओं ने तुर्की, फिनलैंड और स्वीडन के बीच एक त्रिपक्षीय समझौते के बाद फिनलैंड और स्वीडन को संगठन में शामिल होने पर सहमति व्यक्त की थी।

नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने इस अवसर को फिनलैंड, स्वीडन और नाटो देशों की साझा सुरक्षा के लिए एक ऐतिहासिक क्षण करार दिया। उन्होंने कहा कि नाटो के दरवाजे यूरोपीय लोकतंत्रों के लिए खुले हैं जो हमारी साझा सुरक्षा में योगदान देने के लिए तैयार और इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि 32 देशों के साथ नाटो को और मजबूती मिलेगी। इस समय नाटो देश पिछले कई दशकों के सबसे बड़े सुरक्षा संकट का सामना कर रहे हैं, इस फैसले से सुरक्षा का भाव भी बढ़ेगा।

## दुल्हन को लाने मिलिट्री हेलिकॉप्टर से पहुंचा तालिबानी कमांडर:शादी में दिया 12 लाख का दहेज, जनता पर लगाए प्रतिबंध खुद जी रहे शानो-शौकत की जिंदगी

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबानी सरकार बनने के बाद अब तालिबानी नेता सरकारी सेवाओं का शौक फरमाते नजर आ रहे हैं। हाल ही में तालिबानी कमांडर शादी के बाद अपनी नई नवेली दुल्हन को लाने के लिए सेना का हेलिकॉप्टर लेकर ससुराल पहुंचें। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं।अफगानिस्तान की जनता इस बात से नाराज दिखाई दे रही हैं, क्योंकि पिछले साल ही तालिबानी हुकूमत आने के बाद आम जनता पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए गए। जबकि तालिबानी नेता खुद सरकारी सेवाओं का फायदा उठाते हुए निजी काम कर रहे हैं। शानो-शौकत की जिंदगी का आनंद ले रहे हैं।

**दहेज में पत्नी के पिता को दिए 12 लाख अफगानी रुपये**

अफगानिस्तान की मीडिया खामा के मुताबिक तालिबानी कमांडर ने निकाह के दौरान दहेज में दुल्हन के पिता को 12 लाख अफगानी रुपये दिए हैं। यानी करीब 10 लाख भारतीय रुपये दुल्हन के परिवार को दहेज में दिया है। इस वजह से अफगानिस्तान में इस शादी की चर्चा जोर-शोर से हो रही है। अफगानी मीडिया के मुताबिक एक तालिबानी कमांडर ने अपनी नवविवाहित बेगम को लाने के लिए मिलिट्री हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल किया था। वह उन्हें लेने के लिए पूर्वी अफगानिस्तान के



लोगार से खोस्त प्रांत पहुंते थे। यह देख स्थानीय लोग काफी हैरान रह गए। ससुराल में जब हेलिकॉप्टर पहुंचा तो लोगों की भीड़ जमा हो गई, लोगों ने अपने मोबाइल पर इसका वीडिया भी रिकॉर्ड किया। यही वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।खामा प्रेस कि रिपोर्ट के मुताबिक जो तालिबानी कमांडर हेलिकॉप्टर में देखा गया है वो हक्कानी ब्रांच का कमांडर है। जो खोस्त में रहता है। जबकि बेगम लोगार के बरकी बराक जिले की रहने वाली हैं। निकाह के लिए वह शाह मजार इलाके में सैन्य हेलिकॉप्टर लेकर पहुंचे थे। दुल्हन के घर के पास के खेत में ही हेलिकॉप्टर को लैंड करवाया गया। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में भीड़ इकट्ठी हो गई थी।

**सोशल मीडिया पर फूटा गुस्सा, सरकार ने बताया दुश्मनों की साजिश**

हेलिकॉप्टर की वीडियो वायरल होने पर अफगानिस्तान की जनता में काफी गुस्सा देखने को मिल रहा है। जनता का कहना है कि देश की अर्थव्यवस्था लगातार खराब है, इस बीच तालिबानी नेता इस तरह सरकारी चीजों का इस्तेमाल शानो-शौकत दिखाने के लिए कर रहे हैं। वहीं इस पूरे मामले में तालिबान के उप प्रवक्ता, कारी यूसुफ अहमदी ने इन इलजामों को गलत ठहराते हुए इसे दुश्मनों की साजिश करार दिया है। उन्होंने कहा कि इस्लामिक अमीरात ने इसे खारिज कर दिया है।